रोहतक
शनिवार 14 फरवरी 2026
फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष, द्वादशी वर्ष : 30, अंक : 11
पृष्ठ 12 मूल्य 3 .00

**मौसम**
अधि. 26.8
न्यून. 9.0

haribhoomi.com

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | नीचे |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 82,626.76 | 1048.16 ▼ |
| निफ्टी | 25,471.10 | 336.10 ▼ |

| धातु | कीमत | गिरावट |
|---|---|---|
| सोना | 1,58,000/- | 2000/- ▼ |
| चांदी | 2,43,000/- | 14000/- ▼ |

*(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)*

| मुद्रा | प्रति डॉलर | नीचे |
|---|---|---|
| रुपया | 90.66 | 3 पैसे ▼ |
| क्रूड ऑयल 67.49 बैरल | | 0.04% ▼ |

*पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।*




## खबर संक्षेप

### शेयर बाजार में झटके से 7 लाख करोड़ स्वाह



**मुंबई।** अमेरिका में आई भारी गिरावट के बाद शुक्रवार को भारतीय शेयर बाजार में भी कोहराम मच गया। बीएसई मार्केट कैप में शुक्रवार को भारी कमी आई। गुरुवार को बीएसई एमकैप 472.48 लाख करोड़ रुपए थे, जो 6.83 लाख करोड़ रुपये कम होकर 465.31 लाख करोड़ पर आ गया। सेंसेक्स 1048 अंक या 1.25 फीसदी गिरकर 82,626 पर क्लोज हुआ। वहीं, निफ्टी 50 336 अंक या 1.30 फीसदी गिरकर 25,471 पर बंद हुआ। *एजेंसी*

### जेईई से आईआईएम में होगा एडमिशन



**नई दिल्ली।** पहली बार इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (आईआईएम) में एडमिशन के लिए जेईई के नंबर देखे जाएंगे। यह नई पहल अभी एक ही कॉलेज आईआईएम लखनऊ ने की है। संस्थान ने 3 एआई कोर्स लॉन्च किए हैं। इनमें से एक प्रोग्राम में एंट्री का क्राइटेरिया जेईई क्वालिफाइ स्टूडेंट्स को कंसीडर करता है। इसके अलावा 2 और एआई के प्रोग्राम हैं जो इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट की पढ़ाई के बीच के गैप को कम करने के लिए है। *एजेंसी*

### एक्टर विजय की रैली में फिर समर्थक की मौत

**चेन्नई।** तमिलनाडु के सलेम में तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) चीफ विजय की रैली में शुक्रवार को 37 साल के एक समर्थक की हीटस्ट्रोक के कारण मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि महाराष्ट्र का रहने वाला सूरज टीवीके चीफ विजय से मिलने गया था। वह रैली के दौरान सीने में दर्द की शिकायत के बाद गिर पड़ा। अस्पताल ले जाते समय रास्ते में सूरज की मौत हो गई। इस घटना पर विपक्षी पार्टी अन्नाद्रमुक ने तंज कसा। एआईएडीएमके प्रवक्ता कोवई सत्यन ने कहा- ऐसा लगता है कि विजय की रैली में शामिल होना है तो लोगों को ताबूत साथ ले जाना चाहिए। पिछले साल सितंबर में विजय की रैली में भगदड़ में 41 लोगों की मौत हो गई थी। *एजेंसी*

## 11 दलों का जमात गठबंधन केवल 77 सीटों तक सिमटा

# बांग्लादेश में 20 वर्ष बाद बीएनपी सरकार, 212 सीटों पर दर्ज की जीत

## बीएनपी ने कहा-चुनाव को मान्यता देने के लिए भारत का धन्यवाद

**बीएनपी की जीत की मुख्य वजहें**

*पूर्व पीएम शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग के वोट खासकर हिंदू वोटर बीएनपी में शिफ्ट हो गए। बीएनपी को अवामी लीग के गढ़ रहे गोपालगंज के अलावा खुलना, सिलहट, चटगांव, ठाकुरगंज में जीत मिली है।*

●

*जमात का अतीत आड़े आ गया, लोगों को याद रहा कि उसने बांग्लादेश के मुक्ति संग्राम का विरोध किया था। जमात इस दाग को नहीं धो पाई।*

●

*स्टूडेंट्स की नेशनल सिटीजन पार्टी को आपसी फूट और जमात से गठबंधन करना भारी पड़ा। उन्हें लोगों ने पूरी तरह खारिज कर दिया।*

**ढाका (एजेंसी)।** बांग्लादेश में गुरुवार को हुए आम चुनाव में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने बड़ी जीत दर्ज की है। बीएनपी+गठबंधन ने 299 सीटों में से 212 सीटें हासिल कर बहुमत के लिए जरूरी 150 के आंकड़े को पार कर लिया। अब तक 297 सीटों के नतीजे घोषित हो चुके हैं। जमात-ए-इस्लामी के नेतृत्व वाले 11 दलों के गठबंधन को अब तक 77 सीटें मिली हैं। देश में करीब 20 साल बाद बीएनपी की सरकार बनेगी। 2008 से 2024 तक वहां शेख हसीना की आवामी लीग सत्ता में थी। इस जीत के साथ बीएनपी अध्यक्ष तारिक रहमान का प्रधानमंत्री बनना तय माना जा रहा है।



**हिंदू अवामी लीग के वोट बीएनपी को मिले**

बांग्लादेश चुनाव में कट्टरपंथी पार्टी जमात-ए-इस्लामी बुरी तरह हारी है। उसके गठबंधन को सिर्फ 70 सीटें मिलीं हैं। शेख हसीना की सरकार गिराने वाले स्टूडेंट्स की पार्टी नेशनल सिटीजन पार्टी यानी एनसीपी को भी बांग्लादेशियों ने नकार दिया।

### भारत के साथ रिश्ते मजबूत करने की उम्मीद जताई

बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने देश के आम चुनाव के नतीजे को मान्यता देने के लिए भारत और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को शुक्रवार को धन्यवाद देते हुए उम्मीद जताई कि नई सरकार के कार्यकाल में दोनों देशों के संबंध मजबूत होंगे। बीएनपी की स्थायी समिति के सदस्य और चुनाव के मुख्य समन्वयक नजरुल इस्लाम खान ने कहा कि पार्टी मोदी द्वारा जनादेश को मान्यता दिए जाने की सराहना करती है। उन्होंने कहा, ''हम हमारे नेता तारिक रहमान को बधाई देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद देते हैं। किसी लोकतांत्रिक देश द्वारा जनता के फैसले को मान्यता दिया जाना अच्छी बात है और नरेन्द्र मोदी ने ऐसा किया है। हम उन्हें धन्यवाद देते हैं।''

### 35 साल बाद कोई पुरुष पीएम बनेगा

तारिक ने दो सीटों से चुनाव लड़ा था और दोनों पर जीत हासिल की है। तारिक रहमान की जीत पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा, 'मेरे भाई तारिक, उनकी टीम और बाकी सभी को बधाई। बांग्लादेश में 35 साल बाद कोई पुरुष प्रधानमंत्री बनेगा। 1988 में काजी जफर अहमद प्रधानमंत्री बने थे। इसके बाद 1991 से 2024 तक देश की राजनीति में पूर्व पीएम शेख हसीना और खालिदा जिया का दबदबा रहा। ये दोनों ही प्रधानमंत्री बनती रहीं।

### पीएम मोदी ने दी रहमान को बधाई



पीएम मोदी ने बीएनपी लीडर तारिक रहमान से फोन पर बातचीत की। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने लिखा- तारिक रहमान से बात करके बहुत खुशी हुई। मैंने उन्हें बांग्लादेश चुनावों में उनकी शानदार जीत पर बधाई दी। पीएम मोदी ने पड़ोसी देश होने के नाते दोनों देशों के बीच शांति, प्रगति और समृद्धि की प्रतिबद्धता जताई।

**ममता ने तारिक को भाई कहकर बधाई दी**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक्स पोस्ट में लिखा कि बांग्लादेश की इस शानदार जीत के लिए मेरे भाई तारिक, उनकी टीम और बाकी सभी को बधाई। ममता बनर्जी ने यह भी कहा कि वे चाहती हैं कि बांग्लादेश-भारत के साथ हमेशा अच्छे संबंध बनाए रखे।

## पोलंगी गांव में वारदात, बंद मकान में मिले क्षत-विक्षत शव

# रोहतक में दो भाइयों की हत्या लाठी-डंडों व ईंटों से किए वार

**रोहतक (हरिभूमि न्यूज)।** जिले के आईएमटी थाना क्षेत्र के गांव पोलंगी में शुक्रवार दोपहर गांव के बाहर बने बंद मकान में दो सगे भाइयों के शव क्षत-विक्षत हालत में मिले। मृतकों की पहचान कर्मबीर उर्फ बुल्ला (पुत्र जयनारायण) और उसके भाई कुलदीप के रूप में हुई है। दोनों की उम्र 50 वर्ष से अधिक बताई जा रही है। सूचना मिलते ही आईएमटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मकान को घेराबंदी कर जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दोनों भाइयों की हत्या लाठी-डंडों और ईंटों से वार कर की गई है।

शवों के चेहरे बुरी तरह काटे गए थे, जिससे वारदात की क्रूरता साफ झलक रही थी। पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि इस दोहरे हत्याकांड के पीछे एक दिन पहले हुआ दोनों पक्षों के बीच झगड़ा भी हो सकता है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## चार युवक खिड़वाली के और एक घुसकानी का रहने वाला

# भात भरकर लौट रहे पांच युवकों की हादसे में मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

गोहाना के गांव भावड़ में भात भरकर रोहतक लौट रहे पांच युवकों की सड़क हादसे में मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों की पहचान गोलू निवासी गांव घुसकानी, अंकुश, दीपक, साहिल और सागर निवासी गांव खिड़वाली के रूप में हुई है। वहीं घायल अंकित का खानपुर पीजीआई में इलाज चल रहा है। पांचों की उम्र करीब 25 से 28 वर्ष के बीच बताई जा रही है। इनमें गोलू शादीशुदा था, जबकि अन्य तीन युवक अविवाहित थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, स्कॉर्पियो की स्पीड 100 किलोमीटर प्रति घंटे से ज्यादा थी। अचानक संतुलन बिगड़ने से स्कॉर्पियो पेड़ से टकरा गई। पुलिस का भी कहना है कि तेज रफ्तार की वजह से यह हादसा हुआ है।



सोनीपत में पेड़ से टकराई स्कॉर्पियो, 1 घायल, 100 किमी से ज्यादा थी गति


# केंद्र सरकार ने 25 लाख टन गेहूं के निर्यात को दी मंजूरी

**सरकार घरेलू बाजार को स्थिर करना चाह रही**

■

**किसानों को लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने दी गई मंजूरी**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सरकार ने शुक्रवार को घरेलू बाजारों को स्थिर करने और किसानों को लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने के लिए गेहूं का 25 लाख टन निर्यात करने की मंजूरी दे दी। इसके साथ पांच-पांच लाख टन गेहूं उत्पाद और चीनी के अतिरिक्त निर्यात को भी मंजूरी दी गई है। खाद्य मंत्रालय ने बयान में कहा कि वर्तमान उपलब्धता और मूल्य परिदृश्य का व्यापक आकलन करने के बाद यह निर्णय लिया गया है। यह किसानों के हितों की रक्षा के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। बयान में कहा गया कि वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान निजी इकाइयों के पास लगभग 75 लाख टन गेहूं का भंडारण उपलब्ध है, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि की तुलना में लगभग 32 लाख टन अधिक है। चीनी निर्यात को सुगम बनाने के लिए सरकार ने चालू चीनी सत्र 2025-26 के दौरान इच्छुक चीनी मिलों द्वारा अतिरिक्त पांच लाख टन चीनी के निर्यात की अनुमति देने का निर्णय लिया है।



***3 दिन से लापता थी 25 वर्षीय छात्रा***

# इंदौर में क्लासमेट के कमरे में मिला एमबीए छात्रा का शव

■ **कॉलेज के ग्रुप में आया था आपत्तिजनक वीडियो**

**इंदौर (एजेंसी)।** इंदौर में 25 वर्षीय एमबीए छात्रा का शव निर्वस्त्र हालत में उसके क्लासमेट के कमरे में मिला है। कमरे के बाहर ताला लगा हुआ था। छात्रा तीन दिन से लापता थी। 10 फरवरी की रात कॉलेज के आधिकारिक वॉट्सएप ग्रुप पर छात्रा के मोबाइल फोन से एक आपत्तिजनक वीडियो पोस्ट हुआ था। इसमें युवक का चेहरा इमोजी से छिपा था, जबकि छात्रा का चेहरा साफ दिख रहा है। परिजन का आरोप है कि आरोपी ने छात्रा के मोबाइल का इस्तेमाल कर उसके स्टेटस पर भी आपत्तिजनक वीडियो लगाए और उसके संपर्क में रहने वालों को भी भेजे। जिस कमरे से शव मिला है, वह मंदसौर निवासी पीयूष धामनोदिया का है। घटना के बाद से ही पीयूष लापता है।

**तीन गोलियां मारीं, दोस्तों के साथ हुआ फरार**

# सगाई में लाइटिंग पसंद न आने पर दूल्हे ने युवक को मारी गोली

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गुरुग्राम

सगाई समारोह में लाइटिंग पसंद न आने पर दुल्हा भड़क गया। उसने और उसके दो साथियों ने युवक को ताबड़तोड़ तीन गोलियां मारी। मृतक की पहचान 23 साल के बरकत निवासी मथुरा के रूप में हुई है। अचानक हुए इस हत्याकांड से सगाई समारोह में अफरातफरी मच गई। वारदात के बाद दूल्हा अमनदीप और उसके दोनों साथी वहां से फरार हो गए। इसके बाद खून से लथपथ युवक को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**शादी अटकी, केस दर्ज**

**मृतक की पहचान 23 साल के बरकत निवासी मथुरा के रूप में हुई , वारदात के बाद शादी समारोह भी टला**

इस मामले में मृतक के ससुर की शिकायत पर दूल्हे अमनदीप समेत 3 पर हत्या का केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि मृतक युवक यूपी के मथुरा का रहने वाला था और शादी समारोह में लाइटिंग लगाने का काम करता था। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

**लाइट खराब हुई तो आया गुस्सा**

बरकत के ससुर हासिम की ओर से दी गई शिकायत में बताया गया कि सगाई समारोह के समय रात करीब 9:27 बजे एक एलईडी लाइट जलने में दिक्कत आ गई थी। इस पर दूल्हे अमनदीप, साहिल और एक अन्य लड़के ने मुस्तफा, यूसुफ, बरकत को गालियां देना शुरू कर दिया। तीनों के साथ मारपीट भी की। आरोपियों ने कहा कि तुम्हें गलत लाइट लगाने का मजा चखाएंगे। हासिम का आरोप है कि थोड़ी देर बाद दूल्हा अमनदीप और उसके साथी हाथों में हथियार लेकर लौटे और वारदात की।

# आज रोहतक आएंगे सीजेआई और सीएम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक



सूर्यकांत सम्मान समारोह में लेंगे हिस्सा
**पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट के कई जज भी होंगे शामिल**

चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) बनने के बाद जस्टिस सूर्यकांत तीसरी बार अपने गृह राज्य हरियाणा आ रहे हैं। रोहतक बार एसोसिएशन की ओर से शनिवार को उनका अभिनंदन समारोह होगा। जस्टिस सूर्यकांत ने रोहतक की महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी से ही एलएलबी की थी।

कार्यक्रम में सीएम नायब सिंह सैनी, पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट के कई जज भी शामिल होंगे। बार एसोसिएशन के प्रधान दीपक हुड्डा ने बताया कि जस्टिस सूर्यकांत ने जब भारत के मुख्य न्यायाधीश की शपथ ली थी, तब उनसे मुलाकात करते हुए रोहतक आने का निमंत्रण दिया था। सीजेआई ने निमंत्रण को स्वीकार करते हुए रोहतक से अपने भावनात्मक जुड़ाव को याद किया। साथ ही जल्द दौरा करने का आश्वासन दिया था। इसके अलावा वे बाबा मस्तनाथ यूनिवर्सिटी में आयोजित कवि सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे

## माइक्रोसॉफ्ट के एआई सीईओ मुस्तफा सुलेमान की चेतावनी

# वकील, अकाउंटेंट व प्रोजेक्ट मैनेजर जैसी नौकरियों पर खतरा, डेढ़ साल में इनकी जगह लेगा एआई

**कंपनियां लगातार अपनी लागत को घटा रहीं**

*मुस्तफा सुलेमान ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) अगले 12 से 18 महीनों के भीतर बड़ी संख्या में व्हाइट-कॉलर नौकरियों को ऑटोमेट कर सकती है यानी इन नौकरियों के लिए इंसानों की जरूरत खत्म हो जाएगी।*

**नई दिल्ली।** माइक्रोसॉफ्ट के एआई सीईओ मुस्तफा सुलेमान ने चेतावनी दी है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) अगले 12 से 18 महीनों के भीतर बड़ी संख्या में व्हाइट-कॉलर नौकरियों को ऑटोमेट कर सकती है यानी इन नौकरियों के लिए इंसानों की जरूरत खत्म हो जाएगी। कंपनी प्रोफेशनल-ग्रेड एजीआई यानी आर्टिफिशियल जनरल इंटेलिजेंस के विकास को तेज कर रही है। माइक्रोसॉफ्ट उन्नत एआई सिस्टम के जरिए एंटरप्राइज बाजार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने का लक्ष्य बना रहा है, जो नियमित ज्ञान-आधारित कार्यों को करने में सक्षम हों। एजीआई ऐसे सिस्टम को कहा जाता है जिन्हें विभिन्न बौद्धिक कार्यों की विस्तृत श्रृंखला में मानव के प्रदर्शन के बराबर या उससे बेहतर होने के लिए डिजाइन किया जाता है।

**पूरी तरह स्वचालित होंगे ये काम**

सुलेमान ने कहा कि व्हाइट-कॉलर नौकरियां यानी वकील, अकाउंटेंट, प्रोजेक्ट मैनेजर या मार्केटर जैसे काम जो कंप्यूटर के सामने बैठकर किए जाते हैं, उनमें अधिकांश कार्यों को अगले 12 से 18 महीनों में एआई द्वारा पूरी तरह स्वचालित किया जा सकता है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि कंपनी केवल सॉफ्टवेयर डेवलपर जैसे अलग-अलग पदों को बदलने के बजाय एआई एजेंट विकसित कर रही है। एआई एजेंट ऐसे सॉफ्टवेयर सिस्टम होते हैं जो स्वतंत्र रूप से बहु-चरणीय वर्कफ्लो पूरा कर सकते हैं, जैसे कॉन्ट्रैक्ट का मसौदा तैयार करना या वित्तीय विवरणों का विश्लेषण करना।




**सेल्सफोर्स से 1,000 कर्मियों की छंटनी**

यह विकास एआई-आधारित लागत-कटौती से जुड़े कई घटनाक्रमों के बाद सामने आया है। रिपोर्ट के अनुसार सेल्सफोर्स ने इस महीने व्यापक एआई ट्रांसफॉर्मेशन के बीच लगभग 1,000 कर्मचारियों की छंटनी की। अन्य बड़े नियोक्ता जिनमें अमेजन, फेडएक्स और एरिक्सन शामिल हैं, ने भी स्वचालन और दक्षता बढ़ाने से जुड़ी पुनर्गठन योजनाओं की घोषणा की है। सुलेमान ने भविष्यवाणी की कि जल्द ही कस्टमाइज्ड एआई मॉडल बनाना आज ब्लॉग या पॉडकास्ट शुरू करने जितना आसान हो जाएगा। उन्होंने कहा कि अगले दो से तीन वर्षों में एआई एजेंट संस्थागत वर्कफ्लो के बड़े हिस्से का प्रबंधन कर सकते हैं।

**ओपनएआई पर निर्भरता घटाएगा माइक्रोसॉफ्ट**

रणनीति के संदर्भ में उन्होंने वास्तविक एआई आत्मनिर्भरता की दिशा में बदलाव का संकेत दिया, जिससे यह स्पष्ट होता है कि माइक्रोसॉफ्ट अपने खुद के एआई मॉडलों के उत्पादन को बढ़ाने और ओपनएआई पर निर्भरता कम करने की योजना बना रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि कंपनी के नए इन-हाउस मॉडल 2026 तक वैश्विक स्तर पर लॉन्च हो सकते हैं।

## खबर संक्षेप



### पांच तस्कर लाखों की हेरोइन के साथ गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस ने चोपटा क्षेत्र से कार सवार पांच नशा तस्करों को लाखों रुपये की हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। उनसे करीब 47 ग्राम हेरोइन पकड़ी गई है। सीआईए सिरसा प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम गश्त के दौरान गांव दड़बा कलां से मानक दिवान की ओर जा रही थी। रास्ते में एक कार आती दिखाई दी। सामने पुलिस टीम को देखकर कार चालक ने वापस मुड़कर भागने की कोशिश की। पुलिस ने कार को रोककर जांच की तो हेरोइन पकड़ी गई। पुलिस ने मौके से शिव कुमार, विनोद, हर्ष, नरेश व प्रवीण को काबू कर लिया। वहीं, पुलिस ने 88 किलोग्राम चूरापोस्त बरामदगी मामले में मुख्य सप्लायर रघुबीर सिंह को सोनीपत जिले से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी मूल रूप से जम्मू कश्मीर का रहने वाला है और हाल में सोनीपत के कुंडली क्षेत्र में रह रहा था। एसपी ने बताया कि आरोपी पार्सल के जरिये चूरापोस्त सिरसा सप्लाई करता था।

### सैन्य कॉलेज देहरादून के लिए 5 अप्रैल तक आवेदन

**फतेहाबाद।** डीसी डॉ. विवेक भारती ने बताया कि राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज (आरआईएमसी), देहरादून में जनवरी 2027 सत्र के लिए कक्षा 8 में प्रवेश के लिए 5 अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं। लिखित प्रवेश परीक्षा 7 जून, 2026 को आयोजित की जाएगी। परीक्षा देश के चयनित केंद्रों पर होगी। अभ्यर्थी की आयु 1 जनवरी, 2027 को साढ़े 11 वर्ष से कम तथा 13 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। लिखित परीक्षा कुल 450 अंकों की होगी जिसमें अंग्रेजी, गणित और सामान्य ज्ञान विषय शामिल होंगे। लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों का साक्षात्कार भी लिया जाएगा।

### अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू

**जींद।** सेना भर्ती कार्यालय हिसार के भर्ती निदेशक ने बताया कि अग्निपथ योजना के तहत वर्ष 2027 के लिए अग्निवीरों की भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। ऑनलाइन आवेदन 13 फरवरी से शुरू हो चुके हैं और आगामी दो अप्रैल 2026 को रात्रि 11 बजकर 59 मिनट तक होंगे। उम्मीदवार दो अग्निवीर श्रेणियों के लिए आवेदन कर सकते हैं। फतेहाबाद, सिरसा, जींद, हिसार और हांसी जिलों के वे युवा आवेदन के पात्र हैं। जिनका जन्म एक जुलाई 2005 से एक जुलाई 2009 के बीच हुआ है तथा जिन्होंने कक्षा 10वीं या 12वीं उत्तीर्ण की है। यह भर्ती अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर क्लर्क, स्टोर कीपर तकनीकी, अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर ट्रेड्समैन (10वीं पास) तथा अग्निवीर ट्रेड्समैन (8वीं पास) पदों के लिए की जा रही है।

### इंस्टाग्राम पर हथियार लहराने पर गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** इंस्टाग्राम पर मारपीट व हथियार लहराते हुए वीडियो अपलोड कर दहशत फैलाने के मामले में सीआईए फतेहाबाद पुलिस ने विजय उर्फ सीनिया निवासी फतेहाबाद को गिरफ्तार किया है। सीआईए फतेहाबाद प्रभारी उपनिरीक्षक वेदपाल ने बताया कि टीम गश्त व अपराध पड़ताल के दौरान भूना मोड़ के पास मौजूद थी। इसी दौरान सूचना प्राप्त हुई कि एक युवक अपनी इंस्टाग्राम आईडी पर मारपीट करने व चाकू लहराते हुए वीडियो अपलोड कर लोगों में भय का वातावरण बना रहा है। उसे पकड़कर तलाशी लेने पर जींस की चाकू व मोबाइल बरामद किया।

### सीआईडी चीफ सौरभ सिंह की माता का निधन



**चंडीगढ़।** हरियाणा के अतिरिक्त डीजी सीआईडी सौरभ सिंह की माता प्रेम सखी का 82 वर्ष की उम्र में बृहस्पतिवार सुबह लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया है। पंचकूला सेक्टर 28 स्थित श्मशान घाट में बीती शाम को प्रमुख प्रशासनिक अफसरों, आईपीएस अधिकारयों, डीजीपी अन्य की मौजूदगी में अंतिम संस्कार किया गया।

## कैथल में मंत्री अनिल विज व महिला एसपी के बीच तकरार

# एएसआई को तुरंत सस्पेंड करो, नहीं तो जाओ : विज

# दूसरे जिले में है एएसआई, मैं नहीं कर सकती : एसपी

- जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में जमीन विवाद से जुड़े मामले की सुनवाई कर रहे थे मंत्री विज
- डीसी ने किया बीच बचाव, एएसआई की सस्पेंशन के लिए डीजीपी को पत्र लिखने के विज ने दिए आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज की जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में कैथल की एसपी उपासना के साथ तीखी बहस हो गई। मामला जमीन विवाद में रुपयों के लेनदेन को लेकर था। इसमें एक पुलिस कर्मचारी की संलिप्तता के आरोप फरियादी ने लगाए थे। बैठक के दौरान मंत्री ने संबंधित पुलिस कर्मचारी को तुरंत सस्पेंड करने के निर्देश दिए, लेकिन कर्मचारी के दूसरे जिले में होने के कारण एसपी ने नियमों का हवाला देते हुए असमर्थता जताई। इस पर विज के तेवर तलख हो गए।

दरअसल, बैठक में गांव तितरम निवासी मनदीप ने आरोप लगाया कि एक पुलिस कर्मचारी एएसआई संदीप ने जमीन से जुड़े लेन-देन में अनियमितता और कथित धोखाधड़ी की है। शिकायत पर संज्ञान लेते हुए मंत्री अनिल विज ने मौके पर मौजूद पुलिस अधीक्षक को संबंधित कर्मचारी को तुरंत प्रभाव से सस्पेंड करने के आदेश दिए। इस पर एसपी ने स्पष्ट किया कि संबंधित पुलिस कर्मचारी वर्तमान में कुरुक्षेत्र जिले में कार्यरत है और वह कैथल पुलिस के अधिकार क्षेत्र में नहीं आता, इसलिए उनके पास उसे सस्पेंड करने का अधिकार नहीं है।

एसपी के इस जवाब पर मंत्री अनिल विज ने नाराजगी जताते हुए कहा कि यदि उनके पास कार्रवाई करने की शक्ति नहीं है तो वह इस मामले में अपनी जिम्मेदारी से पीछे नहीं हट सकतीं। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि अगर आपके पास पावर नहीं है तो आप यहां से उठ जाइए। मंत्री के इस बयान से बैठक में कुछ देर के लिए असहज स्थिति बन गई और उपस्थित अधिकारियों व समिति सदस्यों के बीच खामोशी छा गई। इस पर डीसी अपराजिता ने स्थिति को संभाला। विज ने एसपी को कहा कि आप डीजीपी को इसे सस्पेंड करने को लेकर लिखो। एसपी ने इस पर बाद में कहा कि वह लिख देंगी।

मंत्री विज ने संबंधित विभाग को निर्देश दिए कि शिकायत की निष्पक्ष जांच कर दोषी पाए जाने पर संबंधित पुलिस कर्मचारी के खिलाफ सख्त विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि आम जनता के साथ किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी, चाहे आरोपी कोई भी हो।



**कैथल।** बैठक के दौरान मंत्री अनिल विज व एसपी उपासना के बीच हुई तकरार।

### सिरसा की महिला एसपी से भी हुई थी तीखी बहस

बता दें कि अनिल विज की 27 नवंबर 2015 को फतेहाबाद में जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक के दौरान तत्कालीन एसपी संगीता कालिया के साथ बहस हो गई थी। अनिल विज ने बैठक में एसपी से कहा था कि गेट आउट, लेकिन वह नहीं गईं। इसके कुछ समय बाद उनका तबादला हो गया था।

### जेई पर केस के आदेश

गांव किठाना निवासी कृष्ण कुमार ने सांघन में उसके रिश्तेदारों के ट्रांसफार्मर को शिफ्ट न किए जाने व इसकी एवज में जेई रिश्वत मांगने की शिकायत दी थी। जिस पर सुनवाई करते हुए मंत्री अनिल विज ने बिजली निगम के अधिकारियों को आदेश दिए कि शिकायतकर्ता का ट्रांसफार्मर शिफ्ट किया जाए और रिश्वत मांगने की शिकायत पर जेई के खिलाफ केस दर्ज किया जाए।

# जींद के घोड़ा फार्म में मालिक की तेजधार हथियारों से हत्या

- कमरे में बेड पर लहूलुहान मिला शव, रात के समय अकेले ही रुकता था मालिक, पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

गांव गुलकनी के घोड़ा फार्म मालिक की गुरुवार रात तेजधार हथियार से वार कर हत्या कर दी गई। सदर थाना पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव गुलकनी निवासी सुरेंद्र (54) ने मिर्चपुर रोड पर अपने खेत मे घोड़ा फार्म बनाया हुआ है। रात को अक्सर घोड़ा फार्म में ही सोता था।

शुक्रवार सुबह सुरेंद्र अपने घोड़ा फार्म के कमरे मे बेड पर मृत पाया गया। मृतक की टांगों पर तेजधार हथियार के निशान थे। काफी खून बहा हुआ था। घटना का सुबह उस समय पता चला जब मृतक सुरेंद्र का भाई सुरेश फार्म पहुंचा। घटना की सूचना पाकर डीएसपी संदीप कुमार फोरेंसिक टीम तथा डॉग स्कवायड के साथ मौके पर पहुंच गए और हालातों का जायजा लिया। डॉग भी ज्यादा दूरी तक नहीं चल पाया। मृतक के भाई सुरेश ने पुलिस को बताया कि उनकी किसी के साथ ऐसी रंजिश भी नहीं है। मध्यरात्रि परिवार के लोग घोड़ा फार्म से घर वापस आए थे। सुरेंद्र वहां कमरे में लेट गया था।



मृतक सुरेंद्र।

# युवक की हत्या, ट्रेन के टॉयलेट में मिला शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

शुक्रवार सुबह दिल्ली से आ रही पैसेंजर ट्रेन के टॉयलेट में युवक का शव मिलने से रेल यात्रियों में सनसनी फैल गई। जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त कराने के प्रयास किए, लेकिन सफलता नहीं मिली। सिर पर चोट के कई निशान होने के कारण जीआरपी ने हत्या का केस दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी।

सुबह लगभग 6 बजे से दिल्ली से आने वाली पैसेंजर ट्रेन जब प्लेटफार्म पर आकर रुकी तो एक यात्री टॉयलेट की ओर चला गया। टॉयलेट में शव पड़ा देखकर उसने शोर मचा दिया। इसी दौरान वहां गश्त कर रहे जीआरपी और आरपीएफ के कर्मचारी भी पहुंच गए। सूचना मिलते ही जीआरपी थाना प्रबंधक मौके पर पहुंच गए। मृतक के सिर पर चोट के कई निशान होने के कारण जीआरपी ने सीन ऑफ क्राइम टीम को भी मौके पर बुला लिया। शव को काफी देर तक पहचान के लिए रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर ही रखा गया। काफी देर तक प्रयास करने के बाद भी मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी। मृतक की उम्र लगभग 30 साल मानी जा रही है। केस दर्ज करने के बाद जीआरपी द्वारा दिल्ली से लेकर रेवाड़ी के बीच आने वाले स्टेशनों पर लगे कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। जीआरपी एसएचओ कृष्ण कुमार के मुताबिक सिर पर चोट के निशान हैं।

### सूरजकुंड मेले में गायक अशोक मस्ती ने दर्शकों को किया मदमस्त

**फरीदाबाद।** सूरजकुंड में मेले में मुख्य चौपाल पर आयोजित सांस्कृतिक संध्या पंजाबी गायक अशोक मस्ती के नाम रही। यहां बड़ी चौपाल में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में उन्होंने अपनी सुरीली आवाज से समां बांध दिया। उन्होंने पंजाबी के साथ-साथ हिंदी गीतों की भी यादगार व जोरदार प्रस्तुति दी। उन्होंने जैसे ही हिन्दी फिल्म याराना फिल्म का गीत तेरे जैसा यार कहां, कहां ऐसा याराना. याद करेगी दुनिया, तेरा-मेरा अफसाना, गीत शुरू किया तो यहां पर बैठे युवा मस्ती में झूमने लगे।



## सीएम नायब सैनी ने पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु का हालचाल जाना



### प्रदेश के विभिन्न मुद्दों पर की सार्थक चर्चा

*नई दिल्ली। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह ने शुक्रवार को पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु के निवास स्थान पर आकर आत्मीय मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कैप्टन अभिमन्यु का कुशलक्षेम जाना व प्रदेशहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर सार्थक विचार-विमर्श किया। इस दौरान कैप्टन अभिमन्यु के भाई मेजर सत्यपाल सिंधु भी मौजूद रहे। बता दें कि कैप्टन अभिमन्यु पिछले दिनों एक हादसे में चोटिल हो गए थे।*

### फरीदाबाद में नकली एएसआई काबू चालान से बचने को झाड़ता था रौब

**फरीदाबाद।** वाहनों की जांच के वक्त पुलिस ने खुद को हरियाणा पुलिस का एएसआई बताकर रौब झाड़ने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। जांच में उसने आईकार्ड दिखाया तो वह सिपाही का निकला और वह भी फर्जी। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश कर एक दिन के रिमांड पर लिया है। आरोपी की पहचान दीपक निवासी गांव अंखीर फरीदाबाद के रूप में हुई है, जिसको पुलिस चौकी सेक्टर 19 की टीम ने गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि बडखल चौक पर ट्रैफिक पुलिस की टीम नियमित वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक ऑल्टो कार को रोका गया और चालक से वाहन के दस्तावेज मांगे गए। कार चालक ने खुद को एएसआई बताया, लेकिन सिपाही का फर्जी पहचान पत्र दिखाया।

## 38 केस में आरोपी गैंगस्टर पवन मूसा का हिसार में एनकाउंटर

- कुख्यात बदमाश पवन मूसा के पैर में गोली लगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



गांव पीरांवली फ्लाईओवर के पास शुक्रवार देर शाम सीआईए वन और गैंगस्टर पवन मूसा के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ के दौरान बदमाश पवन उर्फ मूसा के पांव पर गोली लगी और पुलिस टीम ने उसे दबोच लिया। घायल अवस्था में पवन मूसा को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में लाया गया है। मुठभेड़ की सूचना पर पुलिस के आलाधिकारी भी नागरिक अस्पताल पहुंच गए। नागरिक अस्पताल पुलिस छावनी में तब्दील हो चुका है। नारनौंद क्षेत्र के गांव मोठ करनैल निवासी कुख्यात मूसा पर करीब 38 केस दर्ज हैं।

जानकारी के अनुसार, पीरांवली फ्लाईओवर के पास सीआईए वन की टीम एसआई नवीन के नेतृत्व में गश्त पर थी। इस दौरान पुलिस पार्टी को सूचना मिली कि गैंगस्टर पवन मूसा बड़ी वारदात करने की फिराक में फ्लाईओवर के पास घूम रहा है। पुलिस टीम ने फ्लाईओवर के पास घेराबंदी शुरू कर दी। इस दौरान पुलिस को देखकर पवन मूसा ने फायरिंग करनी शुरू कर दी। इस पर पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की तो गोली बदमाश पवन मूसा के पांव में लगी। पुलिस ने बिना देरी किए बदमाश को दबोच लिया।

### अंबाला में 60 फर्जी जमानती पकड़े

**अंबाला।** न्यायालय में फर्जी कागजातों के आधार पर आरोपियों की जमानत करवाने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ पुलिस ने अपना शिकंजा पूरी तरह कस दिया है। अंबाला शहर की चौकी नंबर 5 के प्रभारी उप निरीक्षक हाकम सिंह ने बताया कि उनकी टीम फर्जीवाड़े के मामलों में बेहद सतर्कता से कार्य कर रही है। अब तक पुलिस की मुस्तैदी के चलते लगभग 60 ऐसे आरोपियों को काबू किया जा चुका है, जो कोर्ट में गलत पहचान या जाली दस्तावेज पेश कर जमानत दिलाने का अवैध धंधा कर रहे थे।

## सरकारी सेवा से जुड़े दो केस : 35 वर्ष सेवा देने वाले बैंक अधिकारी व एक पुलिस अफसर को हाईकोर्ट से राहत

# अत्यधिक कठोर दंड निष्पक्षता के सिद्धांत को कमजोर करता है, लौटानी होगी राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चंडीगढ़



- सेवानिवृत्ति से कुछ दिन पहले वर्ष 2011 में प्रतिनियुक्ति के दौरान 42 ऋणों की अनुशंसा करने के आरोप लगे थे

हाईकोर्ट ने अनुशासनात्मक मामलों में दंड की अनुपातिकता के सिद्धांत को दोहराते हुए गुरुग्राम निवासी सेवानिवृत्त बैंक अधिकारी पुरुषोत्तम गोयल को राहत प्रदान की है। अदालत ने सेवानिवृत्ति के बाद लगाए गए अत्यधिक कठोर दंड को अनुचित ठहराते हुए उसमें संशोधन किया और बैंक को पेंशन पुनर्निर्धारण कर बकाया राशि ब्याज सहित जारी करने का निर्देश दिया।

जस्टिस हरप्रीत सिंह बराड़ ने अपने फैसले में कहा कि सेवानिवृत्ति के एक वर्ष बाद वेतनमान में 21 चरणों की कटौती कर 29700 रुपये से घटाकर 14500 रुपये करना अत्यधिक कठोर और असंगत दंड था। अदालत ने इसे बदलते हुए आदेश दिया कि 2 अप्रैल 2014 से प्रभावी पांच वर्ष की अवधि तक पेंशन में प्रति माह पांच प्रतिशत कटौती ही उचित दंड माना जाएगा। साथ ही बैंक को निर्देश दिया कि वह संशोधित पेंशन के अनुसार बकाया राशि छह प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित अदा करे तथा यदि अधिक वसूली हुई है तो उसे छह सप्ताह के भीतर लौटाए। तथ्यों के अनुसार, गोयल ने लगभग 35 वर्ष तक सेवा की और उनके खिलाफ सेवानिवृत्ति से कुछ दिन पहले वर्ष 2011 में पल्ला शाखा में प्रतिनियुक्ति के दौरान 42 ऋणों की अनुशंसा करने को लेकर आरोप लगाए गए थे। विभागीय जांच में दस में से चार आरोप सिद्ध माने गए, लेकिन अदालत ने पाया कि बैंक किसी वास्तविक वित्तीय हानि का ठोस प्रमाण प्रस्तुत नहीं कर सका।

अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि संबंधित अधिकारी ने केवल ऋणों की अनुशंसा की थी, उन्हें स्वीकृत करने का अधिकार उनके पास नहीं था, इसलिए परिणामों की पूर्ण जिम्मेदारी उन पर डालना उचित नहीं है। न्यायालय ने कहा कि न्यायिक हस्तक्षेप सामान्यत अनुशासनात्मक मामलों में सीमित रहता है, लेकिन जब दंड अत्यधिक या चौंकाने वाली असंगतता वाला हो, तब अदालत को हस्तक्षेप करना पड़ता है।

### यह दिए हाईकोर्ट ने आदेश

फैसले में सुप्रीम कोर्ट के पूर्व निर्णयों का हवाला देते हुए कहा गया कि दंड हमेशा आरोपित कदाचार की गंभीरता के अनुरूप होना चाहिए। अत्यधिक कठोर दंड न केवल निष्पक्षता के सिद्धांत को कमजोर करता है बल्कि संविधान के अनुच्छेद 14 में निहित समानता के अधिकार का भी उल्लंघन कर सकता है। अदालत ने कहा कि अधिकारी की लंबी बेदाग सेवा और मामले की परिस्थितियों को देखते हुए दंड को पूरी तरह समाप्त करना उचित नहीं था, लेकिन उसे कम कर संतुलित बनाना न्यायसंगत कदम है।

## दोषमुक्त होने के 11 वर्ष बाद दोबारा जांच खोल एसीआर की डाउनग्रेड, हाईकोर्ट ने निरस्त की

**चंडीगढ़।** हाईकोर्ट ने एक फैसले में हरियाणा पुलिस के एक अधिकारी पर लगाई गई तीन वार्षिक वेतन वृद्धि में स्थायी रूप से रोकने की सजा को रद्द करते हुए स्पष्ट किया कि पंजाब पुलिस नियमों के तहत समीक्षा का अधिकार अनिश्चित काल तक इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। इसे उचित समय सीमा के भीतर ही लागू किया जाना चाहिए। जस्टिस जगमोहन बंसल ने यह निर्णय देते हुए कहा कि अत्यधिक देरी के बाद समीक्षा शक्तियों का प्रयोग कानून की भावना के विपरीत है। मामला हरियाणा पुलिस के कर्मचारी सतबीर सिंह से जुड़ा था, जिन्होंने 1989 में बतौर कांस्टेबल सेवा शुरू की थी और बाद में पदोन्नत होते हुए विभिन्न पदों पर कार्य किया। वर्ष 2006 में नारनौल में जिला पुलिस निरीक्षक के रीडर पद पर तैनाती के दौरान वाहन पंजीकरण फाइलों में कथित रूप से फर्जी मोहर और हस्ताक्षर इस्तेमाल किए जाने के आरोपों के संबंध में विभागीय जांच शुरू की गई थी। प्रारंभिक और नियमित दोनों विभागीय जांच में उन्हें निर्दोष पाया गया और 13 अक्टूबर 2008 को पुलिस अधीक्षक ने जांच अधिकारी की रिपोर्ट स्वीकार करते हुए कार्यवाही समाप्त कर दी। इसके बावजूद लगभग ढाई वर्ष बाद, 15 अप्रैल 2011 को रेवाड़ी के तत्कालीन आईजीपी ने पंजाब पुलिस नियम 16.28 के तहत समीक्षा अधिकार का प्रयोग करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया और 4 अक्टूबर 2011 को तीन वार्षिक वेतन वृद्धि में स्थायी रूप से रोकने की सजा सुना दी। इस आदेश के खिलाफ दायर अपील भी डीजीपी स्तर पर खारिज कर दी गई। इसके अतिरिक्त, वर्ष 2019 में अधिकारी की वर्ष 2006-07 की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट (एसीआर) को भी डाउनग्रेड कर दिया गया, जो उसी सजा आदेश के आधार पर किया गया था।

### उचित अवधि में हो कार्रवाई

हाई कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि यद्यपि संबंधित नियम में समीक्षा के लिए कोई निश्चित समय सीमा निर्धारित नहीं है, फिर भी इस अधिकार का प्रयोग "उचित अवधि" के भीतर ही किया जाना चाहिए। अदालत ने पाया कि विभागीय प्राधिकारी पहले ही जांच रिपोर्ट स्वीकार कर अधिकारी को दोषमुक्त घोषित कर चुका था और बाद में बिना किसी नए साक्ष्य के ढाई वर्ष बाद समीक्षा प्रक्रिया शुरू करना विधिसम्मत नहीं था। अदालत ने यह भी माना कि 11 वर्ष बाद एसीआर में प्रतिकूल टिप्पणियां दर्ज करना किसी भी दृष्टि से उचित समय सीमा नहीं माना जा सकता। चूंकि एसीआर डाउनग्रेडिंग का आधार यही सजा आदेश था जिसे अदालत ने निरस्त कर दिया है, इसलिए एसीआर में की गई प्रतिकूल प्रविष्टि भी स्वत समाप्त हो जाती है। इन तथ्यों को ध्यान में रखते हुए हाई कोर्ट ने सजा आदेश और एसीआर डाउनग्रेडिंग दोनों को निरस्त करते हुए याचिका स्वीकार कर ली।

## आदेश — वृद्धावस्था और सामाजिक पेंशनधारकों के लिए राहत भरी खबर

पेंशन कटने को लेकर प्रदेश में मचा हुआ है बवाल


# तकनीकी कारणों से बंद हुई पेंशन की जल्द जांच कर जारी करने के आदेश

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

प्रदेश में बुजुर्ग सम्मान भत्ते और बाकी सामाजिक पेंशनों को लेकर आ रही दिक्कतें जल्द ही दूर करने का दावा किया जा रहा है। जिन बुजुर्गों की पेंशन रोक दी गई या बंद हो गई, उनके लिए भी राहत भरी खबर है। प्रदेश की नायब सैनी सरकार ने तकनीकी कारणों से बंद हुई सभी पेंशन के मामलों को लेकर आला अधिकारियों को इन सभी मामलों को जल्द से जल्द चेक कर पेंशन जारी करने के आदेश कर दिए हैं। प्रदेश में लोगों की कई श्रेणियों की पेंशन लंबित रहने और बड़ी संख्या में बंद हो जाने के बाद से सियासी बवाल भी मचा हुआ है, मामले में खासतौर पर विपक्षी नेताओं कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, इनेलो, जजपा सभी पार्टियों के दिग्गज नेता भाजपा सरकार पर हमला बोल रहे हैं। लेकिन प्रदेश सरकार ने तकनीकी दिक्कतों को दूर करने साथ ही सभी थमी हुई पेंशन मामलों को प्राथमिकता पर देखने व उनका हल निकालने का आदेश जारी कर दिया है।

भरोसेमंद उच्च पदस्थ सूत्रों का कहना है कि इस बारे में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और मुख्य सचिव ने साफ कर दिया है कि पीपीपी के आधार पर परिवार की आय, आधार कार्ड में नाम और जन्म तारीख में किसी भी तरह की त्रुटि अथवा बैंक खातों को लेकर आ रही दिक्कतों को चेक कर इन्हें दूर करने का काम प्राथमिकता से किया जाए।

### इन कारणों से आ रही दिक्कत





सरकार के आंकड़ों पर गौर करें, तो राज्य में 20.31 लाख बुजुर्गों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन दी जा रही है। इसके अलावा भी कई अन्य श्रेणियों में पेंशन दी जाती है। लेकिन बुजुर्गों की मौत के मामलों, परिवार पहचान पत्र में आय सीमा से पार हो जाने, बैंक खातों में तकनीकी दिक्कतों के साथ-साथ आधार कार्ड में जन्म तारीख अन्य तथ्यों के मिलान में दिक्कतों के कारण भी बड़ी संख्या में पेंशन मामले लंबित चल रहे थे। इतना ही नहीं विभागीय कुछ अफसरों को इसमें गड़बड़ी की बू आ रही थी, जबकि मामले अलग तरह के हैं। लोगों ने बड़ी संख्या में शिकायत भी की थी। पूरे मामले में कुछ अफसरों ने तो रिकवरी करने तक के सुझाव दे डाले थे।

### इनेलो का 20 फरवरी का धरना स्थगित

**चंडीगढ़।** इनेलो के वरिष्ठ नेता पूर्व डीजीपी महेंद्र मलिक ने शुक्रवार को इनेलो मुख्यालय पर कहा कि इनेलो ने पेंशन को लेकर 20 फरवरी को पंचकूला में किया जा रहा धरना प्रदर्शन स्थगित कर दिया है। सरकार ने हमारी मांगों को मानते हुए पेंशन बहाली और 200 रुपये की जो बढ़ोतरी की है उसके बाद यह फैसला लिया है। हम सरकार से मांग करते हैं कि बुर्जुगों को उनकी बकाया पेंशन राशि तुरंत दी जाए। सरकार ने आय सीमा को आधार बनाकर पेंशन कटी तो इसका जबरदस्त विरोध करेंगे।

# कंपनी से गबन किए 33 करोड़ सट्टे में लगाने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा




कंपनी संचालक के साथ हुई 33 करोड़ रुपये की ठगी व गबन मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को दिल्ली क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया है। सिरसा के पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने बताया कि आरोपी की पहचान हरजिंद्र सिंह निवासी दिल्ली के रूप में हुई है। आरोपी को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे पांच दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

एसपी ने बताया कि राइस मिल मशीनरी उपकरण बनाने वाली कंपनी एसएफ फूड प्रो. टेक लिमिटेड के संचालक संजीव गुप्ता की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान सामने आया कि कंपनी में पिछले करीब 15 वर्षों से कार्यरत मुनीम साकेत कुमार ने कंपनी के खातों से करोड़ों रुपये अन्य आरोपियों के खातों में ट्रांसफर किए। इसके बाद यह राशि को क्रिकेट सट्टा बाजार में लगाई जाती थी। पुलिस ने इस मामले में मुनीम साकेत कुमार सहित नौ अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। जांच में यह भी सामने आया है कि गिरफ्तार किया गया आरोपी हरजिंद्र सिंह क्रिकेट सट्टा बाजार से जुड़ा हुआ है तथा अन्य आरोपियों के साथ मिलकर इस षड्यंत्र को अंजाम देने में सक्रिय भूमिका निभा रहा था। पुलिस टीम ने साक्ष्यों और महत्वपूर्ण सुरागों के आधार पर आरोपी को दिल्ली के आनंद विहार क्षेत्र से काबू किया।

## आरआईएल अब कच्चे तेल की सीधी खरीद कर पाएगा

# रिलायंस इंडस्ट्रीज को वेनेजुएला से कच्चा तेल खरीदने के लिए अमेरिका से मिला लाइसेंस

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

उद्योगपति मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) को वेनेजुएला के कच्चे तेल की सीधी खरीद के लिए अमेरिका से लाइसेंस मिल गया है। इस अनुमति से देश की सबसे बड़ी निजी रिफाइनिंग कंपनी आरआईएल रियायती दर पर उपलब्ध भारी कच्चे तेल का आयात कर सकेगी।

वेनेजुएला का कच्चा तेल गुजरात के जामनगर स्थित रिलायंस रिफाइनरी की संरचना के अनुकूल है और उसके रिफाइनिंग मार्जिन को बेहतर बना सकता है। मामले से परिचित सूत्रों ने कहा कि जनवरी के अंत में अमेरिका ने कुछ अंतरराष्ट्रीय कंपनियों को वेनेजुएला से सीधे तेल खरीदने की सामान्य अनुमति दी।

### अमेरिका ने प्रतिबंध किए शिथिल

पहले अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण वेनेजुएला से सीधे तेल खरीद पर रोक लगी हुई थी और तेल की आपूर्ति कारोबारियों के माध्यम से हो रही थी। पिछले महीने अमेरिकी सैन्य कार्रवाई में वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को बंदी बनाकर अमेरिकी जेल में भेज दिए जाने के बाद से ही वेनेजुएला के कच्चे तेल की सीधी खरीद शुरू होने की उम्मीद जताई जा रही थी। उसके बाद से अमेरिका ने अपने प्रतिबंधों को शिथिल भी कर दिया है।



### दुनिया का सबसे बड़ा रिफाइनिंग परिसर

हालांकि वेनेजुएला से कच्चा तेल खरीदने का अमेरिकी लाइसेंस मिलने के बारे में रिलायंस इंडस्ट्रीज की तरफ से कोई टिप्पणी नहीं की गई। गुजरात के जामनगर में दुनिया का सबसे बड़ा रिफाइनिंग परिसर संचालित करने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज अमेरिकी प्रतिबंध लगने से पहले वेनेजुएला के कच्चे तेल की नियमित खरीदार थी।

### रूस से तेल आयात घटने की संभावना

सूत्रों ने कहा कि वेनेजुएला के प्राकृतिक संसाधनों का इस्तेमाल करना कच्चे तेल की खरीद के स्रोतों में विविधता लाने की भारतीय रणनीति का हिस्सा है। रूस से तेल का आयात घटने की संभावना के बीच वेनेजुएला का तेल महत्वपूर्ण हो जाता है। वेनेजुएला का ओरिनोको बेल्ट क्षेत्र अपने भारी और बहुत-भारी ग्रेड के कच्चे तेल के लिए जाना जाता है।

### रिलायंस ने 2024 में वेनेजुएला से तेल खरीदा था

हालांकि 2019-20 में वेनेजुएला की मादुरो सरकार पर अमेरिकी प्रतिबंध लगाए जाने के बाद यह आयात रुक गया था। लेकिन वर्ष 2024 में मिली अस्थायी राहत के दौरान रिलायंस ने वेनेजुएला से तेल खरीदा था। इस साल कारोबारियों के जरिये तेल खरीद दोबारा शुरू होने पर रिलायंस ने विटॉल कंपनी से 20 लाख बैरल तेल खरीदा है।

- देश की सबसे बड़ी निजी रिफाइनिंग कंपनी है
- कच्चा तेल आरआईएल की संरचना के अनुकूल है
- पहले प्रतिबंधों के कारण रोक लगी हुई थी

### पीएसयू ने 20 लाख बैरल तेल वेनेजुएला से खरीदा

इस छूट का फायदा इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड ने भी उठाया है। इन दोनों सरकारी तेल कंपनियों ने कुल मिलाकर 20 लाख बैरल कच्चा तेल वेनेजुएला से खरीदा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले हफ्ते कहा था कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रूस से तेल खरीद रोकने और अमेरिका सहित अन्य स्रोतों से तेल आयात बढ़ाने पर सहमति जताई है।

### *तेल की रिफाइनिंग के लिए पुरी तरह सक्षम*

*इस ग्रेड के तेल की रिफाइनिंग के लिए रिलायंस की जामनगर रिफाइनरी पूरी तरह सक्षम मानी जाती है। खास बात यह है कि इस तरह के तेल पर आमतौर पर अंतरराष्ट्रीय मानकों की तुलना में छूट मिलती है। इस तेल को डीजल, केरोसिन एवं एलपीजी जैसे उच्च मूल्य वाले पेट्रोलियम उत्पादों में बदला जा सकता है।*

### *मार्जिन सुधारने में मदद मिलेगी*

*विश्लेषकों का अनुमान है कि इस सस्ते भारी कच्चे तेल की सीधी खरीद से रिलायंस को रिफाइनिंग और पेट्रोकेमिकल दोनों कारोबार में मार्जिन सुधारने में मदद मिलेगी।*

## ट्राई 'डू नॉट डिस्टर्ब' ऐप में लाएगा अपील की सुविधा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली




- अगले महीने आएगा नया 'माईकॉल' ऐप
- शिकायतों का संतोषजनक निपटान हो सके

दूरसंचार विनियामक ट्राई उपभोक्ताओं को 'डू नॉट डिस्टर्ब' (डीएनडी) ऐप में अपील की सुविधा देने की योजना बना रहा है, ताकि सेवा प्रदाताओं द्वारा शिकायतों का संतोषजनक निपटान न होने पर मामले को उच्च प्राधिकारी के समक्ष उठाया जा सके। ट्राई के चेयरमैन अनिल कुमार लाहोटी ने कहा कि नियामक मार्च में संशोधित 'माईकॉल' ऐप को पेश करेगा जिसके जरिये उपभोक्ता कॉल गुणवत्ता से संबंधित शिकायत दर्ज करा सकेंगे। लाहोटी ने डीएनडी और 'माईस्पीड' ऐप के संशोधित संस्करण जारी करते हुए कहा कि अनचाही फोन कॉल और एसएमएस की शिकायत के लिए बनाए गए नए डीएनडी ऐप में बहुभाषी विकल्प उपलब्ध होगा। ग्रामीण क्षेत्रों में डीएनडी ऐप की स्वीकार्यता बढ़ाने के लिए क्षेत्रीय भाषाओं में कम चरणों में शिकायत दर्ज करने, बेहतर वरीयता प्रबंधन और डुअल सिम समर्थन जैसी सुविधाएं जोड़ी गई हैं।

*31 लाख से अधि शिकायतें दर्ज कराई गई थी : लाहोटी ने कहा कि वर्ष 2025 में अनचाही वाणिज्यिक संचार (यूसीसी) के संबंध में मिली 31 लाख शिकायतों में से 17 लाख से अधिक डीएनडी ऐप के माध्यम से दर्ज कराई गई थीं। इसके साथ ही ट्राई ने संशोधित 'माईस्पीड' ऐप भी पेश किया है, जिसमें बहुभाषी समर्थन के साथ 5जी प्रौद्योगिकी पर उपलब्ध गति की जांच की सुविधा होगी।*

## बीमा नियामक 'इरडा' की उद्योग के कमीशन पर लगाम लगाने की तैयारी

**नई दिल्ली।** बीमा नियामक इरडा ने बीमा कंपनियों के प्रमुखों के सामने गलत तरीके, झूठे वायदों के आधार पर बीमा पॉलिसी बेचने पर चर्चा की। सूत्रों के मुताबिक, उनकी बैठक में जीवन बीमा कंपनियों ने स्थगित कमीशन भुगतान मॉडल का सुझाव दिया है। इसमें एजेंट को पूरा कमीशन एक साथ नहीं, बल्कि पॉलिसी की पूरी अवधि के दौरान दिया जाएगा। इन सुझावों में कॉरपोरेट एजेंट्स के लिए पांच साल और व्यक्तिगत एजेंट्स के लिए तीन साल का प्रस्ताव दिया गया है। इसका मकसद साफ है, बीमा पॉलिसी के गलत बिक्री रोकना, कंपनियों का खर्च घटाना और ग्राहकों को सस्ता, टिकाऊ बीमा देना। वैसे खास बात यह है कि हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक और आर्थिक सर्वेक्षण में भी ऊंचे कमीशन पर सवाल उठाए गए थे। डिफर्ड कमीशन का मतलब ये है कि बीमा एजेंट को पूरा कमीशन एक साथ नहीं मिलता, कमीशन पॉलिसी के साथ-साथ सालों में किस्तों में दिया जाता है।

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डाढ़ौला, पानीपत में पुरानी बिल्डिंग में एक कमरा व एक टॉयलेट की नीलामी दिनांक 17-02-2026 को स्कूल प्रांगण में प्रातः 11 बजे से की जाएगी। बोली की बाकी शर्तें मौके पर बता दी जाएंगी

सुनील कुमार प्रधानाचार्य
मो.नं. 94161-52889

## विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 717.06 अरब डॉलर पर



**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार छह फरवरी को समाप्त सप्ताह के दौरान 6.71 अरब डॉलर घटकर 717.06 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक ने यह जानकारी दी है। इससे पिछले सप्ताह में कुल विदेशी मुद्रा भंडार 14.36 अरब डॉलर बढ़कर 723.77 अरब डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। केन्द्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार, छह फरवरी को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा माने जाने वाली विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां 7.66 अरब डॉलर बढ़कर 570.05 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के रूप में व्यक्त की जाने वाली विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर अमेरिकी मुद्राओं के मूल्य में घट-बढ़ के प्रभाव शामिल होते हैं।

## स्मार्ट बाज़ार एक्सचेंज, रोज़मर्रा की ज़रूरतों के लिए स्मार्ट बाज़ार एक किफ़ायती विकल्प

**मुंबई।** भारत के भरोसेमंद किफ़ायती रिटेल डेस्टिनेशन, स्मार्ट बाज़ार ने अपना अब तक का सबसे बड़ा स्मार्ट बाज़ार एक्सचेंज लॉन्च किया है। यह एक राष्ट्रव्यापी पहल है जिसका उद्देश्य परिवारों को एक ही छत के नीचे ज़्यादा बचत करने और स्मार्ट तरीके से खरीदारी करने में मदद करना है। स्मार्ट बाज़ार एक्सचेंज एक सरल और व्यावहारिक समाधान प्रदान करता है: घर की बेकार पड़ी चीज़ों को आज की ज़रूरतों के लिए बचत में बदलें। अभियान का स्लोगन: "पुराना बेचो महंगा, और नया खरीदो सस्ता।" ग्राहक स्मार्ट बाज़ार स्टोर्स पर पुराने अख़बार, इस्तेमाल किए हुए कपड़े और पुराने बर्तन 100 रुपये प्रति किलो की दर से एक्सचेंज कर सकते हैं, जो बाज़ार में सबसे प्रतिस्पर्धी एक्सचेंज मूल्यों में से एक है। एक्सचेंज मूल्य स्टोर कूपन के रूप में जारी किया जाता है, जिसे किराने का सामान, घरेलू ज़रूरत की चीज़ें और फ़ैशन सहित विभिन्न श्रेणियों में भुनाया जा सकता है, जिससे हर भारतीय परिवार के लिए लचीलापन और प्रासंगिकता सुनिश्चित होती है। लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, स्मार्ट बाज़ार के सीईओ दामोदर मॉल ने कहा: "स्मार्ट बाज़ार में, मूल्य का मतलब है परिवारों को उनके दैनिक खर्चों को बेहतर ढंग से प्रबंधित करने में मदद करना। स्मार्ट बाज़ार एक्सचेंज के साथ, हम ग्राहकों को एक सरल और पारदर्शी तरीका दे रहे हैं जिससे वे अपनी ज़रूरत से ज़्यादा चीज़ों को बचत में बदल सकें और तुरंत अपने मासिक ज़रूरतों पर खर्च कर सकें। यह पहल भारत के सबसे भरोसेमंद मूल्य गंतव्य होने के हमारे वादे को और मज़बूत करती है।"

## वनस्पति तेल के आयात में दो फीसदी की गिरावट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत का वनस्पति तेल आयात तेल वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में दो प्रतिशत घटकर 39.6 लाख टन रहा। सोयाबीन और सूरजमुखी तेल की कम खरीद ने पाम तेल आयात में वृद्धि के असर को संतुलित कर दिया। तेल उद्योग के संगठन एसईए के मुताबिक, एक साल पहले नवंबर-जनवरी की समान तिमाही में देश ने 40.5 लाख टन वनस्पति तेल का आयात किया था। नवंबर 2025 से जनवरी 2026 की इस तिमाही में पाम तेल आयात 18 प्रतिशत बढ़कर 19.1 लाख टन हो गया, जो एक साल पहले 16.2 लाख टन था। एक फरवरी को पाम तेल का बंदरगाहों पर भंडार 4.86 लाख टन रहा, जो पिछले महीने से 33,000 टन अधिक है। नेपाल ने नवंबर 2025 में भारत को करीब 54,000 टन परिष्कृत तेल का निर्यात किया, जबकि दिसंबर में यह आंकड़ा लगभग 48,000 टन रहा। इस साल एक फरवरी को भारतीय बंदरगाहों पर कुल खाद्य तेल भंडार 8.64 लाख टन था। आलोच्य अवधि में कच्चे सोयाबीन तेल का आयात नौ प्रतिशत घटकर 12 लाख टन रह गया।

# चांदी पांच प्रतिशत गिरकर 2.43 लाख रुपये पर आई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मांग में नरमी के बीच शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में पांच प्रतिशत तक की गिरावट आई। चांदी 2.43 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रह गई, जबकि सोना 1.58 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। अखिल भारतीय सराफा संघ के मुताबिक, चांदी की कीमत 14,000 रुपये यानी 5.03 प्रतिशत टूटकर 2,55,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर समेत) रह गई। बृहस्पतिवार को यह 2,68,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर बंद हुई थी। वहीं, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 2,000 रुपये यानी 1.5 प्रतिशत टूटकर 1,58,500 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर समेत) रह गया। पिछले कारोबारी सत्र में यह 1,60,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ जिंस विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, ''शेयर बाजार में व्यापक बिकवाली के बीच सोने और चांदी में भारी गिरावट आई और शुक्रवार को भी दबाव बना रहा।




- सोना 1.58 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर,चांदी में 14,000 की गिरावट

## प्रधानमंत्री सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना का शुभारंभ

**चंडीगढ़।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सोलर ऊर्जा के सपने को साकार करने की दिशा में भारत सरकार द्वारा देशभर में ग्रिड से जुड़ी रूफटॉप सोलर (आरटीएस) प्रणालियों को बढ़ावा देने हेतु 13 फरवरी 2024 को प्रधानमंत्री सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना का शुभारंभ किया गया। इस योजना को आगे बढ़ाते हुए, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार ने राज्य में 31 मार्च 2027 तक 2 लाख 22 हजार घरों पर रूफटॉप सोलर सिस्टम लगाने का लक्ष्य तय किया है। उक्त जानकारी देते हुए उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम लिमिटेड (यूएचबीवीएन) के प्रवक्ता ने बताया कि राज्य में रूफटॉप सोलर ऊर्जा को तेजी से अपनाने को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से हरियाणा सरकार द्वारा "सौर ऊर्जा प्रोत्साहन योजना" नामक एक नई वित्तीय सहायता योजना को स्वीकृति प्रदान की गई है। उन्होंने आगे बताया की राज्य सरकार की सौर ऊर्जा प्रोत्साहन योजना के तहत उपभोक्ताओं को घर पर सौर ऊर्जा प्रणाली (आरटीएस) स्थापित करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है।

## ट्रांसरेल को मिले 2350 करोड़ रुपये के नए ठेके...



**नई दिल्ली।** ट्रांसरेल लाइटिंग को घरेलू बाजार में 2,350 करोड़ रुपये के नए इंजीनियरिंग, खरीद एवं निर्माण से ठेके मिले हैं। कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि ये ठेके मुख्य रूप से घरेलू विद्युत पारेषण एवं वितरण क्षेत्र से जुड़े हैं। इन नए ठेके के साथ वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी का कुल आर्डर प्रवाह 7,980 करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) रणदीप नारंग ने कहा, '' इन ठेकों में मुख्य रूप से 765 किलोवोल्ट पारेषण लाइन का निर्माण शामिल है। असैनिक कार्य तथा खंभों और प्रकाश व्यवस्था से जुड़े ठेके भी बाजार में हमारी मजबूत स्थिति को दर्शाते हैं। इससे वित्त वर्ष 2025-26 का कुल आर्डर प्रवाह 7,980 करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है।/''

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## बैंक कर्ज में जनवरी के दूसरे पखवाड़े में वृद्धि

**मुंबई (एजेंसी)।** बैंक ऋण में वृद्धि लगातार दहाई अंक में बनी हुई है और 31 जनवरी को समाप्त पखवाड़े में यह सालाना आधार पर बढ़कर 14.41 प्रतिशत पर पहुंच गई। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। बैंकों के गैर-खाद्य ऋण विस्तार का यह प्रमुख आंकड़ा जीएसटी युक्तिसंगत बनाये जाने के बाद पिछले पांच महीनों से दहाई अंक में बना हुआ है। यह हाल के महीनों में खुदरा कर्जदारों और कॉरपोरेट दोनों की कर्ज मांग में सुधार का संकेत देता है। आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, जुलाई में ऋण वृद्धि काफी धीमी थी और दो पखवाड़ों के दौरान यह क्रमशः 9.76 प्रतिशत और 9.98 प्रतिशत रही थी। यह कॉरपोरेट क्षेत्र द्वारा कर्ज लेने में सावधानी और खुदरा ऋण विस्तार में कमी को दर्शाता है। अगस्त एक बदलाव का महीना रहा, जब वृद्धि ने संक्षिप्त रूप से 10 प्रतिशत के स्तर को पार किया। ऋण वृद्धि में तेजी सितंबर से अधिक स्पष्ट हुई, जब अगले पखवाड़ों में 10.21 प्रतिशत और 10.29 प्रतिशत तक पहुंच गई और इसके बाद से लगातार दहाई अंक में बनी हुई है।

- वृद्धि लगातार दहाई अंक में बनी हुई
- सालाना आधार पर बढ़कर 14.41 प्रतिशत पहुंची

## विपुल ऑर्गेनिक्स के लाभ में 28 प्रतिशत का उछाल

**नई दिल्ली।** रसायन क्षेत्र की कंपनी विपुल ऑर्गेनिक्स का चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 28 प्रतिशत बढ़कर 1.85 करोड़ रुपये रहा। आय में बढ़ोतरी होने से लाभ में यह वृद्धि हुई है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में अक्टूबर-दिसंबर, 2025 तिमाही के वित्तीय नतीजों का विवरण साझा किया।

## सीमेंस एनर्जी का लाभ बढ़कर 313 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली।** सीमेंस एनर्जी इंडिया लिमिटेड (एसईआईएल) का वित्त वर्ष 2025-26 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में शुद्ध लाभ 35 प्रतिशत बढ़कर 313 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने शुक्रवार को पहली तिमाही के अपने वित्तीय परिणामों की जानकारी दी। सीमेंस एनर्जी इंडिया का वित्त वर्ष अक्टूबर-सितंबर के बीच होता है। समीक्षाधीन तिमाही में सीमेंस एनर्जी इंडिया लिमिटेड की परिचालन आय 26 प्रतिशत बढ़कर 1,911 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 1,517 करोड़ रुपये थी।

## रुपया तीन पैसे टूटकर 90.64 प्रति डॉलर पर हुआ बंद

**मुंबई।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया शुक्रवार को तीन पैसे की गिरावट के साथ 90.64 पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजार में नकारात्मक रुख और वैश्विक बाजारों में अमेरिकी मुद्रा की मजबूती से रुपये में गिरावट आई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि डॉलर की मजबूती ने रुपये सहित उभरते बाजारों की मुद्राओं की बढ़त को सीमित कर दिया।

## गौडियम का आईपीओ 20 फरवरी को खुलेगा

**नई दिल्ली।** प्रजनन सेवाएं देने वाली गौडियम आईवीएफ एंड वीमेन हेल्थ लिमिटेड की योजना आईपीओ के जरिये 150 से 200 करोड़ रुपये जुटाने की है। इस निर्गम के 20 फरवरी को खुलने की उम्मीद है। इस घटनाक्रम से वाकिफ लोगों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यह इस क्षेत्र की पहली कंपनी होगी जो सार्वजनिक बाजार से पूंजी जुटाएगी।

## एयू स्मॉल बैंक के एमडी का कार्यकाल बढ़ाने की मंजूरी

**नई दिल्ली।** एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक ने संजय अग्रवाल को फिर से बैंक का प्रबंध निदेशक और सीईओ नियुक्त करने की मंजूरी दे दी है।बैंक ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि यह पुनर्नियुक्ति 19 अप्रैल, 2026 से प्रभावी होगी और अगले तीन वर्षों की अवधि के लिए होगी।

## जैगल प्रीपेड ओशन का लाभ बढ़कर 36 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली।** खर्च प्रबंधन एवं वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी जैगल प्रीपेड ओशन सर्विसेज लिमिटेड का वित्त वर्ष 2025-26 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में शुद्ध लाभ 77.8 प्रतिशत बढ़कर 35.97 करोड़ रुपये रहा। उसने पिछले वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में 20.24 करोड़ का शुद्ध लाभ कमाया था। समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी की परिचालन आय 47.9% बढ़कर 497.62 करोड़ हो गई।

**उत्तर रेलवे**

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई–प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबंधक उत्तर रेलवे जगाधरी वर्कशॉप–135002 द्वारा फर्मों को निम्नलिखित मदों के लिए ई–निविदाओं के माध्यम से आमंत्रित किया जाता है:–

| क्र0 सं0 | निविदा सं0 | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | बंद होने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 61265237 | 500 kVA, 750V ब्रशलेस अल्टरनेटर | 10 नग | 16 मार्च 2026 |

निविदा शर्तें:– 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैन्युअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी। टेंडर नोटिस संख्या:– 61265237 495/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 सीआरपीसी / 84 बीएनएसएस देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सुनिल कुमार पुत्रः सेम सिंह पताः गाँव धतुरी, जिला सोनीपत, हरियाणा–131001** ने case **CT No. 1222/2021 U/s 138 NI Act, थानाः केएन काटजू मार्ग, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सुनिल कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सुनिल कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **CT No. 1222/2021 U/s 138 NI Act, थानाः केएन काटजू मार्ग, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **सुनिल कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद / मुकद्मा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 21.04.2026** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री हिमांशु सहलोथ
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी–05
उत्तर जिला, कमरा नं. 213
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/1855/RD/2026 (Court Matter)

**उत्तर रेलवे**

**ई–नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, फिरोजपुर द्वारा नीचे दिए गए कार्य के लिये योग्य और पंजीकृत बोलीदातायो से फिरोजपुर मंडल में ई–नीलामी में आमंत्रित किया जाता हैः

| नीलामी सूची सं. | नीलामी शुरू होने का समय और तारीख | कार्य का नाम |
|---|---|---|
| EAFZR-RCR26-1 | 16.02.2026 को 11.30 बजे | अमृतसर रेलवे स्टेशन पर रेल कोच रेस्टोरेंट के रूप में रेल कोच के नवीकरण और संचालन के लिए ठेके का आवंटन। |
| EAFZR-MPS26-1 | 21.02.2026 को 11.00 बजे | फिरोजपुर छावनी फरीदकोट एवं लुधियाना रेलवे स्टेशन पर बहुउद्देशीय स्टाल (एमपीएस) के लिए ठेके का आवंटन। |
| EAFZR-ADVT26-5 | 23.02.2026 को 11.00 बजे | विज्ञापन अधिकार हेतु ठेके का आवंटनः क) फिल्लौर एवं होशियारपुर रेलवे स्टेशन पर डिजिटल स्क्रीन के माध्यम से। ख) ट्रेन सं. 20424 / 23, 14622 / 21 / 26 / 25, 14680 / 79 / 82 / 81 & 12408 / 07 के कोचों के बाहरी हिस्से पर विनाइल रैपिंग के माध्यम से। |
| FZR-Stafcanteen | 25.02.2026 को 11.30 बजे | डीआरएम कार्यालय, फिरोजपुर कैंट में स्टाफ कैंटीन के संचालन के लिए ठेके का आवंटन। |
| EAFZR-ATM26-4 | 27.02.2026 को 11.00 बजे | एटीएम स्थापित करने हेतु फिरोजपुर छावनी, फगवाड़ा, ढंडारी कलां, होशियारपुर, नवांशहर दोआबा एवं फाजिल्का रेलवे स्टेशनों पर अनुबंध का आवंटन। |
| FZR-Linen-26-3 | 27.02.2026 को 11.30 बजे | फिरोजपुर मंडल के अंतर्गत प्राइमरी अनुरक्षण वाले मेल / एक्सप्रेस ट्रेनों के एसी कोचों में विज्ञापन अधिकार सहित लिनन कवर की आपूर्ति हेतु ठेके का आवंटन। |

विस्तृत जानकारी और पंजीकरण के लिए, कृपया रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएं। संख्याः NR-FZR0COML(NFR)/18/2024 Date: 13.02.2026 493/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## राशिफल

**मेष** — मन परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पिता का साथ मिलेगा। नौकरी में यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** — नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। खर्च अधिक रहेंगे।

**मिथुन** — कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध से बचें।

**कर्क** — किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते है। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। पारिवारिक समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**सिंह** — परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। सम्मान में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

**कन्या** — संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त हो सकते हैं। अफसरों से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

**तुला** — नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी। अपनी भावनाओं को वश में रखें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

**वृश्चिक** — मान–सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।


**धनु** — सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। पठन–पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। परिवार में व्यर्थ के वाद–विवाद से बचें।

**मकर** — किसी भवन या सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। भाई–बहनों का साथ मिलेगा।

**कुंभ** — आय में वृद्धि तो होगी, परन्तु अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों के लिए यात्रा पर जा सकते हैं।

**मीन** — शासन–सत्ता का सहयोग मिलेगा। मान–सम्मान में वृद्धि होगी। आय भी बढ़ेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा।

## *शब्द पहेली - 6138*



***बाएँ से दाए***


1. असह्य,नागवार-5
4. कली-3
6. पराया,पंख-2
7. समुद्र-3
8. पिता की बहन-2
10. चौकसी,सुरक्षा-3
11. कृष्ण प्रेमी एक मुस्लिम कवि -4
14. छल,धोखा-3
16. पक्षी,उड़ने वाला-4
17. उम्मीद-2
18. दौरा,पहरेदारी-2
19. धारण करना-4
21. आफत,मुसीबत-3
22. विदिर्ण-2,2
24. प्रकाशित-3
25. बल,जान-2
27. रसदार-3
28. जगत,दुनिया-2
29. नग,मूल्यवान पत्थर-3
30. तृप्त होना-5

***ऊपर से नीचे***

1. जबरन उठा ले जाना-5
2. महोदय (अंग्रेजी-2)
3. नीलिमा-4
4. कुंती पुत्र,राधेय-3
5. वश,अधीन-2
7. संपूर्ण,पूर्ण-2
9. शिकार-3
12. असली,शुद्ध-3
13. हठ करना,रोना -4
15. हारा हुआ,पराजित-3
16. मशवरा,सलाह-4
17. विश्राम-3
18. अभिमान-3
20. भयभीत होना-2,3
21. संभवतः-3
22. टर्पेंटाइन, गंधा बिरोजा-4
23. तरना,स्वीमिंग-3
24. इसे मकड़ी बुनती है-2
26. जी,चित-2
28. संपत्ति-2

### *शब्द पहेली - 6137 का हल*

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | अ | ह | म | क | ■ | जा | य | दा | द | ■ |
| ल | ■ | क | म | र | ■ | न | म | न | ■ | अ |
| व | स | ■ | ता | त | ■ | का | ज | ■ | हा | र |
| कु | ली | न | ■ | ल | ह | र | ■ | रा | ज | मा |
| श | ब | न | म | ■ | म | ■ | आ | स | मा | न |
| ■ | ■ | ■ | सा | फ | स | फा | ई | ■ | ■ | ■ |
| अ | च | र | ज | ■ | फ | ■ | ना | ला | य | क |
| व | म | न | ■ | ह | र | म | ■ | ल | की | र |
| ता | न | ■ | स | जा | ■ | हा | र | ■ | न | त |
| र | ■ | क | र | म | ■ | व | ज | न | ■ | ब |
| ■ | ग | फ | ल | त | ■ | त | क | दी | र | ■ |



## 80 साल बाद प्रधानमंत्री कार्यालय का पता बदल गया

# अब 'सेवा तीर्थ' से ही चलेगी देश की सरकार, ध्येय वाक्य-नागरिक देवो भवः

*पीएम ने कहा कि यहां से जो फैसले होंगे, वे किसी महाराजा की सोच को नहीं बल्कि 140 करोड़ देशवासियों की अपेक्षाओं को आगे बढ़ाने का आधार बनेंगे*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नए कार्यालय सेवा तीर्थ में शिफ्ट हो गए हैं। इसका ध्येय वाक्य नागरिक देवो भव है। यह परिसर दारा शिकोह रोड पर बनाया गया है, जो कि 2.26 लाख वर्ग फुट क्षेत्र में फैला है।

प्रधानमंत्री कार्यालय के साथ ही इस परिसर में राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय और कैबिनेट सचिवालय भी है, जिससे यहां प्रधानमंत्री के लिए केबिनेट मीटिंग लेना भी आसान हो जाएगा। यह परिसर विजय चौक के पास बनाया गया है। नए प्रधानमंत्री कार्यालय में तीन मुख्य इमारतें हैं। इस सेवा तीर्थ को बनाने में 1,189 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। सेवा तीर्थ पूरी तरह हाईटेक सुविधाओं से लैस है। साउथ ब्लॉक स्थित प्रधानमंत्री कार्यालय 80 साल से सत्ता का केंद्र रहा है। साउथ ब्लॉक के प्रधानमंत्री कार्यालय में कैबिनेट की पहली बैठक 15 अगस्त, साल 1947 में हुई थी, तब इस बैठक की अध्यक्षता भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने की थी। मोदी ने पीएम कार्यालय के नए पते सेवा तीर्थ से देश को संबोधित किया। मोदी ने कहा कि साउथ ब्लॉक और नॉर्थ ब्लॉक जैसी इमारतें, जो ब्रिटिश सोच की हुकूमत को लागू करने के लिए बनी थीं, वहीं सेवा तीर्थ और कर्तव्य भवन जैसे परिसर भारत की जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए बने हैं। यहां से जो फैसले होंगे, वे किसी महाराजा की सोच को नहीं, बल्कि 140 करोड़ देशवासियों की अपेक्षाओं को आगे बढ़ाने का आधार बनेंगे।

**पीएम ने कहा- नया भवन ब्रिटिश सोच से मुक्त जनता की आकांक्षाएं पूरी करेंगे**


सेवा तीर्थ भवन का उद्घाटन करते पीएम मोदी

**नया परिसर दारा शिकोह रोड पर बनाया गया है, जो 2.26 लाख वर्ग फीट क्षेत्र में फैला**

**इस सेवा तीर्थ को बनाने में 1,189 करोड़ रुपये खर्च किए गए**

## इस सेवा तीर्थ से पहले दिन लिए गए चार 'पहले' बड़े फैसले

### 1 पीएम राहत योजना को मंजूरी

*नए कार्यालय से काम शुरू करते ही प्रधानमंत्री ने कई अहम फैसलों पर हस्ताक्षर किए। इनमें 'पीएम राहत योजना' की शुरुआत शामिल है। इस योजना के तहत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को 1.5 लाख रुपये तक का कैशलेस इलाज उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि समय पर उपचार के अभाव में किसी की जान न जाए।*

### 2 'लखपति दीदी' का लक्ष्य दोगुना

*सरकार पहले ही 3 करोड़ 'लखपति दीदी' का लक्ष्य हासिल कर चुकी है, जो निर्धारित समयसीमा से एक वर्ष पहले पूरा हुआ। अब प्रधानमंत्री ने मार्च 2029 तक इस संख्या को बढ़ाकर छह करोड़ करने का नया लक्ष्य तय किया है। यह कदम महिलाओं की आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है।*

### 3 किसानों के लिए बड़ा ऐलान

*कृषि क्षेत्र को मजबूती देने के लिए 'कृषि अवसंरचना कोष' को बढ़ाकर दो लाख करोड़ कर दिया गया है। इससे कृषि मूल्य श्रृंखला को सुदृढ़ करने और किसानों को बेहतर भंडारण व प्रसंस्करण सुविधाएं उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी।*

### 4 स्टार्टअप इंडिया फंड 2.0 को मंजूरी




*नवाचार और उभरती तकनीकों को बढ़ावा देने के लिए 'स्टार्टअप इंडिया फंड ऑफ फंड्स 2.0' को 10,000 करोड़ के कोष के साथ मंजूरी दी गई है। इसका उद्देश्य डीप टेक, एडवांस मैन्युफैक्चरिंग और शुरुआती चरण के नवाचारों को वित्तीय सहयोग देना है।*

---

**विश्व रेडियो दिवस**

## गांवों एवं शहरों में रेडियो विश्वसनीय आवाज: मोदी

**नई दिल्ली (भाषा)।** प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को कहा कि रेडियो एक ऐसा माध्यम है जो दूरदराज के गांवों से लेकर शहरों तक, लोगों के लिए विश्वसनीय आवाज है तथा इसने समय पर जानकारी पहुंचाई है, प्रतिभा को निखारा है और रचनात्मकता को प्रोत्साहित किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हर साल 13 फरवरी को मनाया जाने वाला विश्व रेडियो दिवस इस माध्यम से जुड़े सभी लोगों के प्रयासों को पहचान प्रदान करने का एक अवसर है। उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट किया, "विश्व रेडियो दिवस एक ऐसे माध्यम का जश्न मनाने का अवसर है जो दूरदराज के गांवों से लेकर शहरों तक, लोगों के लिए विश्वसनीय आवाज है। वर्षों से, रेडियो समय पर जानकारी प्रदान करता रहा है, प्रतिभा को निखारता रहा है और रचनात्मकता को प्रोत्साहित करता रहा है। रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के माध्यम से उन्होंने स्वयं रेडियो की उस क्षमता का अनुभव किया है जिसके द्वारा देश के लोगों की सामाजिक शक्ति को उजागर किया जा सकता है। इस महीने का यह कार्यक्रम रविवार, 22 फरवरी को प्रसारित होगा।"

## असम में कई परियोजनाओं का उद्घाटन प्रधानमंत्री आज करेंगे

**गुवाहाटी (भाषा)।** प्रधानमंत्री मोदी शनिवार को असम के अपने एक दिवसीय दौरे के तहत मोरन में आपातकालीन लैंडिंग सुविधा (ईएलएफ) सहित कई परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे और भाजपा के कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। यह पिछले तीन महीने में मोदी का तीसरा असम दौरा होगा। राज्य में कुछ ही महीनों में विस चुनाव होने की संभावना है। प्रधानमंत्री संभवतः सुबह नौ बजकर 50 मिनट पर डिब्रूगढ़ जिले के चबुआ हवाईक्षेत्र पर पहुंचेंगे और इसके बाद वह वायुसेना (आईएएफ) के सी-130 विमान से मोरन स्थित ईएलएफ जाएंगे, जहां वह 100 करोड़ की लागत वाली 4.2 किमी लंबी सुविधा का उद्घाटन करेंगे। मोदी गुवाहाटी में 3,000 करोड़ से बने कुमार भास्कर वर्मा सेतु का उद्घाटन करेंगे।

## स्टालिन ने 1.31 करोड़ महिलाओं के खाते में 5-5 हजार रुपये भेजे

**चेन्नई (भाषा)।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने शुक्रवार को कहा कि राज्य सरकार ने महिला लाभार्थी योजना के तहत 1.31 करोड़ लाभार्थियों के खाते में पांच-पांच हजार जमा किए हैं। विस चुनाव से कुछ महीने पहले उठाए गए इस कदम की विपक्षी दल आलोचना कर रहे हैं।

## केरल शहरी नीति तैयार करने वाला देश का पहला राज्य बना

**तिरुवनंतपुरम (भाषा)।** केरल भविष्य की शहरी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए एक व्यापक 'शहरी नीति' तैयार करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। शुक्रवार को घोषित इस नीति में राज्य के शहरी विकास के लिए दीर्घकालिक रूपरेखा पेश की गई है।


# भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल

**31वी वाहिनी**

**यूपिया, (अरूणाचल प्रदेश)**

**//नोटिस//**

आप दल संख्या 190310082 सि० / जी०डी० (महिला) अंजू, पुत्री श्री नरेश दिनांक 03.08.2025 (पूर्वा०) से बिना किसी सक्षम अधिकारी की अनुमति के अनाधिकृत रुप से अवकश से अनुपस्थित चल रही है। आपकी अनुपस्थिति की प्रथम सूचना एस० एस० वाहिनी के पत्र सं0 104 दिनांक 30.08.25 के तहत पुलिस स्टेशन खरावर, जिला रोहतक (हरियाणा) में दर्ज कराई गई, तथा एस० एस० वाहिनी के ज्ञापन सं0 4767 दिनांक 07.08.25, ज्ञापन सं0 4794 दिनांक 09.08.25, ज्ञापन सं0 5024 दिनांक 23.08.25, ज्ञापन सं0 6086 दिनांक 14. 10.25 एवं 6162 दिनांक 22.10.25 के तहत आपको तुरन्त डयूटी पर आमद देने हेतु निर्देशित किया गया है, परन्तु आपके द्वारा अपनी आमद एस०एस० वाहिनी मुख्यालय में नहीं दी गई। एस० एस० वाहिनी के पत्र संख्या 104 दिनांक 30.08.25 के तहत आपको गिरफ्तार / apprehend कर एस० एस० वाहिनी भा०ति०सी०पुलिस बल, सबोली कैम्प, जिला सोनीपत, हरियाणा को सुपुर्द करवाने के आशय से Superintendent of Police, Distt: Rohtak (Haryana) को पत्र भेजा गया तथा जिसकी प्रति SHO, Police Station- Kharawar, Distt: Rohtak (Haryana) को भी प्रेषित की गयी थी परन्तु पुलिस द्वारा आपको गिरफ्तार / apprehend कर एस० एस० वाहिनी को सुपूर्द नहीं किया गया।

2. आपके अवकाश से बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के अनुपस्थित होने तथा बार-बार निर्देशित किये जाने के बावजूद आमद न होने पर एस० एस० वाहिनी के आदेश सं0-5236 दिनांक 04.09.25 के तहत 'न्याँयिक जाँच समिति / Court of Inquiry (COI) का गठन किया गया। उक्त 'न्याँयिक जाँच समिति' / COI की राय / संस्तुति के आधार पर आपको एस०एस० वाहिनी के पत्र संख्या 6381-98 दिनांक 03.11.2025 के तहत दिनांक 03.08.2025 (पूर्वा०) से आपको भगौड़ा (DESERTER) घोषित किया गया है। आपको 31वीं वाहिनी, भा०ति०सी०पुलिस बल, यूपिया, जिला पापुम पारे (अरूणाचल प्रदेश) पिन 791110 के पत्र संख्या 8042-44 दिनांक-15.12.25 के अनुसार 'कारण बताओ नोटिस' भी जारी किया गया तथा जिसके तहत आपको ड्यूटी पर रिपोर्ट करने हेतु पुनः 30 दिन का समय दिया गया, फिर भी आप ड्यूटी पर आमद नहीं हुए। आपको ड्यूटी पर उपस्थित होने हेतु उपरोक्तानुसार बार-बार निर्देशित किया गया तथा अवसर प्रदान किये गये, परन्तु आप मनमाने एवं गैर ज़िम्मेदाराना तरीके से काफी लम्बे समय से अवकाश से अनाधिकृत रुप से अनुपस्थित चल रही हैं। आपके ऐसा करने से इस बल के अनुशासन को गहरी क्षति पहुँची हैं।

3. अतः आपको पुनः सूचित किया जाता है कि आपको सेवा से रिमूव / बर्खास्त करने से पूर्व आपको यह अंतिम अवसर दिया जा रहा है कि इस नोटिस के समाचार पत्र में प्रकाशित होने के 15 दिन के भीतर वाहिनी मुख्यालय (31वीं वाहिनी, भा०ति०सी०पुलिस बल, पत्रालय यूपिया, जिलाः पापुम पारे, अरूणाचल प्रदेश, पिन : 791110) में उपस्थित होकर अपने अनुपस्थित होने के मामले के पक्ष में ठोस सबूत प्रस्तुत करें, अन्यथा आपको भा०ति०सी०पुलिस बल अधिनियम एवं नियमावली के तहत सेवा से रिमूव / बर्खास्त कर दिया जायेगा।

**हस्ता/- कमाण्डेन्ट,**
**31वी वाहिनी, भा.ति.सी.पु. बल**

CBC 19112/11/0258/2526


## विपक्ष के शोर-शराबे और प्रदर्शन के बाद 'दोनों सदन' 9 मार्च तक स्थगित

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** लोकसभा में शुक्रवार को लगातार हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही 9 मार्च तक के लिए स्थगित कर दी गई। कार्यवाही की शुरुआत से ही विपक्षी दलों के शोर-शराबे के चलते सदन सुचारू रूप से नहीं चल सका। इससे पहले कई मंत्रियों ने अपने-अपने मंत्रालयों से संबंधित दस्तावेज सदन के पटल पर रखे। हंगामे के बीच पीठासीन अधिकारी संध्या राय ने विपक्षी सदस्यों से सदन की कार्यवाही चलने देने की अपील की, लेकिन शोर-शराबा जारी रहने पर पहले कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक स्थगित करनी पड़ी। दोपहर बाद कार्यवाही दोबारा शुरू हुई, जिसमें कई मंत्रियों ने अपने मंत्रालयों से जुड़े दस्तावेज प्रस्तुत किए। इसके बाद सदन को 9 मार्च तक के लिए स्थगित कर दिया गया।



## भाजपा को 3,826 .35 करोड़ रुपये का चंदा मिला : एडीआर

**नई दिल्ली(भाषा)।** वित्त वर्ष 2024-25 में विभिन्न चुनावी ट्रस्ट को 3,826.34 करोड़ रुपये का चंदा प्राप्त हुआ और उन्होंने 3,826.35 करोड़ रुपये राजनीतिक दलों को वितरित किए, जिनमें से 82 प्रतिशत से अधिक राशि भाजपा को मिली। 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' (एडीआर) ने जानकारी दी। निर्वाचन आयोग को प्रस्तुत किए किए दस्तावेजों के विश्लेषण पर आधारित अपनी नवीनतम रिपोर्ट में एडीआर ने कहा कि 20 पंजीकृत चुनावी ट्रस्ट में से 10 ने वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान चंदा प्राप्त होने की जानकारी दी है, जबकि पांच ट्रस्ट की रिपोर्ट अंतिम तिथि के तीन महीने बाद भी आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध नहीं थी। एडीआर के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान कंपनियों और व्यक्तियों से कुल 3,826.3417 करोड़ रुपये प्राप्त हुए और 3,826.3522 करोड़ रुपये विभिन्न राजनीतिक दलों को वितरित किए गए। यह उन नियमों के अनुरूप है, जिनके तहत ट्रस्ट को वर्ष में प्राप्त अंशदान का कम से कम 95 प्रतिशत वितरित करना अनिवार्य है।


**सांकेतिक कब्जा सूचना**

**ICICI Home Finance** | पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्पलैक्स, बांद्रा (ईस्ट), मुम्बई-400051

**कार्पोरेट कार्यालय :** आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, जेबी नगर, अंधेरी कुर्ला रोड, अंधेरी ईस्ट, मुम्बई 400059
**शाखा कार्यालय :** प्लॉट नं. 45-46, प्रथम तल, सत करतार कॉम्पलैक्स, 45, वजीर चंद कॉलोनी, मुगल कैनाल फाउंटेन चौक के सामने, करनाल-132001

चूंकि
अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्त्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण, पुनर्निर्माण के तहत आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमों, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये नीचे वर्णित कर्जदारों को सूचना में वर्णित राशि का पुनर्भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के अंदर करने के लिए डिमांड नोटिस जारी किए।
चूंकि कर्जदार राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहा है, कर्जदार और आम जन को सामान्यतः एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने नीचे वर्णित तिथियों को उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत उनको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है। कर्जदार को विशेषतः और आमजन को सामान्यतः एतद द्वारा सम्पत्ति के साथ डील नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई भी डीलिंग आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड की वसूली के अधीन होगी।
कर्जदार का ध्यान प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के सम्बन्ध में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की तरफ आमंत्रित किया जाता है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार का नाम/ ऋण अकाउंट नम्बर | सम्पत्ति का वर्णन / कब्जे की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | चन्द्रभान (कर्जदार), संतोष (सह-कर्जदार), LHTOH00001294416. | वार्ड नं. 14, तहसील के पीछे टोहाना फतेहाबाद हरियाणा-125120. सीमाएं - उत्तर : गली, दक्षिण : गली, पूर्व : प्लॉट, पश्चिम : चेला का प्लॉट। /कब्जे की तिथि- 09.02.2026. | 10-11-2022 रु. 13,41,214/- | करनाल |

उपरोक्त कर्जदार(ों) / गारंटर(ों) को एतद द्वारा राशि का पुनर्भुगतान करने के लिए 30 दिन का एक नोटिस दिया जाता है, अन्यथा गिरवीकृत सम्पत्तियों को इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की समाप्ति पर प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमों, 2002 के नियम 8 और 9 के तहत प्रावधानों के अनुरूप बेच दिया जाएगा।

**दिनांक :** 14 फरवरी 2026
**स्थान :** फतेहाबाद

**प्राधिकृत अधिकारी,**
**आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड**


## किसान नेताओं से मिले राहुल गांधी

**नई दिल्ली (भाषा)।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को कई किसान संगठनों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की और कहा कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौता किसानों के साथ विश्वासघात है तथा उनके भविष्य का सौदा स्वीकार नहीं किया जा सकता। संसद भवन परिसर में राहुल गांधी और किसान नेताओं की हुई इस बैठक में व्यापार समझौते का विरोध करने तथा किसानों व खेतिहर मजदूरों की आजीविका की रक्षा के लिए राष्ट्रीय स्तर पर बड़े आंदोलन की आवश्यकता पर चर्चा की।

## हिमाचलः स्कूल में मिड डे मील वर्कर की हत्या

**कांगड़ा(एजेंसी)।** हिमाचल के जिला कांगड़ा में स्कूल के अंदर घुसकर मिड-डे मील वर्कर की हत्या कर दी। एक व्यक्ति ने स्कूल परिसर में बच्चों के सामने महिला को दराट से हमला कर बुरी तरह से लहूलुहान कर दिया, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। यह वारदात देहरा उपमंडल के तहत चन्नौर स्कूल में हुई है। यहां स्कूल में मिड-डे मील वर्कर कार्यरत महिला सलोचना देवी को पड़ोसी ने मौत के घाट उतार दिया।

## एयर इंडिया पर एक करोड़ का जुर्माना

**नई दिल्ली (भाषा)।** विमानन सुरक्षा नियामक डीजीसीए ने पिछले साल कम से कम आठ मार्गों पर आवश्यक उड़ान योग्यता प्रमाणपत्र के बिना एयरबस ए320 नियो विमान का संचालन करने के लिए टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयर इंडिया पर एक करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने पिछले साल दो दिसंबर को कहा था कि वह एयर इंडिया द्वारा बिना वैध प्रमाणपत्र के विमान उड़ाने की घटना की जांच कर रहा है।


**CENTRAL INSTITUTE OF PETROCHEMICALS ENGINEERING & TECHNOLOGY (CIPET)**
(Department of Chemicals & Petrochemicals, Ministry of Chemicals & Fertilizers, Govt. of India)
DCRUST Campus, 50th Mile Stone, NH-1, Murthal, Dist - Sonepat, Haryana - 131 039.
E-mail: murthal@cipet.gov.in, Website: www.cipet.gov.in
सिपेट CIPET
with the Support of
**OFFICE OF THE DEVELOPMENT COMMISSIONER (MSME)**
(Ministry of Micro, Small & Medium Enterprises, Govt. of India)

**ORGANISES AND INVITES APPLICATION FOR**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **Enterpreneurship and Skill Development Programme (ESDP) on "Plastics Processing Techniques & Quality Control"** | **NO FEES** | **Duration** 6 Weeks | **Intake** 30 Seats |
| | **Date of Commencement : 16/02/2026** | | |
| | **Date of Completion : 27/03/2026** | | |

**Objective :**
- To promote new enterprises.
- To inculcate entrepreneurial culture in the country.
- To impart Skill training to prospective and existing entrepreneurs.

**Training Contents :** • Plastic Materials and Properties • Plastics Processing Techniques • Advanced Processing & Secondary Operations • Quality Control & Testing Standards • Industrial Visit.

**Preference will be given to the candidates from SC, ST, Women, Ex-Service Person of Defence Forces, Differently abled and BPL Category persons**

**SCHEME IS APPLICABLE FOR ASPIRING AND EXISTING ENTREPRENEURS**
**For Registration : 7678329863, 7355888612, 7869955241**

Advt. No. 2025-26/25



# सशस्त्र सेना चिकित्सा सेवाएं
## ARMED FORCES MEDICAL SERVICES



**चिकित्सा अधिकारी (अल्प सेवा कमीशन) के पद हेतु**
**FOR THE POST OF MEDICAL OFFICER (SHORT SERVICE COMMISSION)**

सशस्त्र सेना चिकित्सा सेवा में चिकित्सा अधिकारी (अल्प सेवा कमीशन) के रूप में योगदान हेतु इच्छुक शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ एवं योग्य भारतीय नागरिकों (स्त्री एवं पुरुष) से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।
साक्षात्कारः **मार्च 2026 में दिल्ली** में आयोजित किया जायेगा।
**रिक्तियाँ - 100 (75 पुरुष + 25 महिला)**
**न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता - एमबीबीएस**
**आयु सीमा-** एमबीबीएस डिग्री धारक अभ्यर्थी की आयु **31 दिसम्बर 2026** को 30 वर्ष से कम होनी चाहिए (अर्थात जिनका जन्म **02 जनवरी 1997** को या उसके पश्चात हुआ हो, वही पात्र होंगे) एवं स्नातकोत्तर डिग्री धारक अभ्यर्थी की आयु **31 दिसम्बर 2026** को 35 **वर्ष** से कम होनी चाहिए (अर्थात जिनका जन्म **02 जनवरी 1992** को या उसके पश्चात हुआ हो, वही पात्र होंगे)।
पात्रता शर्तों के लिए **21 फरवरी 2026** के रोजगार समाचार पत्र / Employment News तथा www.join.afms.gov.in वेब्साइट देखें।
**ऑनलाइन आवेदन हेतु पंजीकरण** www.join.afms.gov.in **वेब्साइट पर 21 फरवरी 2026 से 04 मार्च 2026 तक किया जा सकता हैं।**

Applications are invited from physically fit and mentally robust Indian citizens, both male and female, desirous of joining the AFMS as Medical officers (Short Service Commission). Interview will be conducted at Delhi tentatively in the month of **March 2026.**
**Vacancy 100 (75 for male + 25 for female)**
**Minimum Educational Qualification MBBS**
**Age Limit Candidate must not have attained the age of 30 years as on 31 Dec 2026 if holding an MBBS degree (only those born on or after 02 Jan 1997 are eligible) and must not have attained the age of 35 years as on 31 Dec 2026 if holding a PG degree (only those born on or after 02 Jan 1992 are eligible).**
For Eligibility Conditions, Application Format etc see Employment News / Rozgar Samachar issue on **21 Feb 2026** and the website www.join.afms.gov.in.
**Registration for online application will open from 21 Feb 2026 to 04 Mar 2026 on** www.join.afms.gov.in

CBC 10601/11/0073/2526

## चिंतन

# बांग्लादेश के साथ संतुलन साधने की चुनौती बरकरार

बांग्लादेश की राजनीति में आए ताजा बदलाव ने दक्षिण एशिया के कूटनीतिक समीकरणों को नई दिशा दे दी है। आम चुनाव में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की निर्णायक जीत और उसके अध्यक्ष तारिक रहमान के प्रधानमंत्री बनने की संभावना ने यह स्पष्ट कर दिया है कि देश लगभग दो दशकों बाद सत्ता परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। 2008 से 2024 तक शेख हसीना के नेतृत्व में आवामी लीग की सरकार रही। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि नई सरकार देश की आंतरिक राजनीति और विदेश नीति को किस दिशा में ले जाती है। भारत के लिए यह सत्ता परिवर्तन विशेष महत्व रखता है। पड़ोसी होने के साथ-साथ दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आर्थिक संबंध गहरे हैं। पिछले डेढ़ दशक में सुरक्षा सहयोग, सीमा प्रबंधन, कनेक्टिविटी और व्यापार के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। ऐसे में नई दिल्ली की प्राथमिकता यही होगी कि इन उपलब्धियों को संरक्षित रखते हुए नई सरकार के साथ विश्वास का रिश्ता कायम रखा जाए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा तारिक रहमान को दी गई बधाई इस बात का संकेत है कि भारत व्यावहारिक और संतुलित कूटनीति अपनाना चाहता है। हालांकि दोनों देशों के संबंधों को लेकर चुनौतियां भी कम नहीं हैं। बीएनपी का अतीत भारत के प्रति अपेक्षाकृत सख्त रुख से जुड़ा रहा है। इसके अलावा जमात-ए-इस्लामी के नेतृत्व वाले गठबंधन की उपस्थिति भी नई सरकार की नीतियों को प्रभावित कर सकती है। अब बांग्लादेश के संविधान में बड़े बदलावों को जनता ने हरी झंडी दे दी है। बांग्लादेश प्रधानमंत्री की शक्तियों में कटौती करने जा रहा है और राष्ट्रपति की ताकत बढ़ेगी, इसके अलावा इस देश में संसद के ऊपरी सदन का गठन होगा। अब देखना यह भी है कि बांग्लादेश का संविधान किस तरह की नीति को अपनाता है। संविधान में कैसे बदलाव लाए जाते हैं। अगर पाकिस्तान की तरह शरियत को अपनाता है तो यह उन बांग्लादेशी हिंदुओं पर कुठाराघात होगा, जिन्होंने बीएनपी का समर्थन किया और उसके लिए दिन रात एक कर दिया। विशेषकर हिंदू अल्पसंख्यकों की सुरक्षा और अधिकारों का प्रश्न भारत के लिए संवेदनशील मुद्दा रहेगा। चीन और पाकिस्तान के साथ बांग्लादेश के संबंधों पर भी नजर रहेगी। यदि नई सरकार बीजिंग की ओर अधिक झुकाव दिखाती है, तो यह भारत के रणनीतिक हितों के लिए चुनौती बन सकता है। वहीं, पाकिस्तान के साथ संबंधों का पुनर्संतुलन भी क्षेत्रीय राजनीति में नई हलचल पैदा कर सकता है। एक अन्य महत्वपूर्ण पहलू शेख हसीना से जुड़े मुद्दों का है। यदि नई सरकार उनके खिलाफ राजनीतिक या कानूनी कार्रवाई करती है, तो भारत को अपनी प्रतिक्रिया बेहद संतुलित रखनी होगी। लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं का सम्मान और क्षेत्रीय स्थिरता दोनों के बीच संतुलन बनाना आसान नहीं होगा। भारत के पूर्वोत्तर राज्यों के विकास के लिए बांग्लादेश के साथ बेहतर संपर्क और व्यापारिक सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है। उल्लेखनीय है कि 1988 में काजी जफर अहमद के बाद पहली बार कोई पुरुष बांग्लादेश का प्रधानमंत्री बनने जा रहा है। 1991 से 2024 तक देश की राजनीति में खालिदा जिया और शेख हसीना का दबदबा रहा। अंततः भारत और बांग्लादेश के संबंध किसी एक दल या नेता पर निर्भर नहीं होने चाहिए। बांग्लादेश की नई सरकार के लिए भी यह समझना आवश्यक है कि भारत के साथ सकारात्मक और संतुलित संबंध ही उसके दीर्घकालिक हितों की रक्षा कर सकते हैं।



जनादेश
डॉ. घनश्याम बादल

# भारत-बांग्लादेश संबंध के नवीकरण का वक्त

> 12 फरवरी को हुए चुनावों के नतीजे सामने हैं और बांग्लादेश की जनता ने परिपक्व तरीके से न केवल चुनाव में भारी संख्या में मतदान किया अपितु अपने देश को कट्टरपंथी राजनीतिक विचारधारा के हाथों में जाने से भी बचा लिया है। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी ने स्वर्गीय खालिदा जिया और जियाउर रहमान के बेटे 60 वर्षीय तारिक रहमान के नेतृत्व में 299 में से 213 सीट जीतकर वहां लगभग दो तिहाई बहुमत प्राप्त कर लिया है। भारत के लिए यह क्षण आत्ममंथन का है। पड़ोस-नीति को सुरक्षा-केंद्रित चश्मे से देखने का समय अब खत्म हो रहा है। भारत को बांग्लादेश को "रणनीतिक फ्रंटलाइन" नहीं, बल्कि "समान साझेदार" के रूप में देखना होगा।

बांग्लादेश के चीफ एडवाइजर के रूप में मोहम्मद यूनुस और कुछ खास कर पाए हों या नहीं, लेकिन एक काम तो उन्होंने कर ही दिया है कि बांग्लादेश को राजनीतिक उहापोह की स्थिति से निकालकर स्पष्ट जनादेश दिलवा दिया है। 12 फरवरी को हुए चुनावों के नतीजे सामने हैं और बांग्लादेश की जनता ने परिपक्व तरीके से न केवल चुनाव में भारी संख्या में मतदान किया अपितु अपने देश को कट्टरपंथी राजनीतिक विचारधारा के हाथों में जाने से भी बचा लिया है। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी ने स्वर्गीय खालिदा जिया और जियाउर रहमान के बेटे 60 वर्षीय तारिक रहमान के नेतृत्व में 299 में से 213 सीट जीतकर वहां लगभग दो तिहाई बहुमत प्राप्त कर लिया है। जबकि उसके प्रतिद्वंद्वी जमात ए इस्लामी को 74 सीट ही मिलीं हैं।

आश्चर्यजनक रूप से छात्र आंदोलन का चेहरा बनकर शेख हसीना को सत्ता से बाहर करने वाले नाहिद इस्लाम की पार्टी एनसीपी को केवल दो सीट ही मिल पाई हैं और इसकी मुख्य वजह यही दिखती है कि उनका जमात ए इस्लामी के साथ गठबंधन का रणनीतिक निर्णय ग़लत रहा। बांग्लादेश का ताज़ा चुनाव कोई सामान्य सत्ता-परिवर्तन नहीं, बल्कि एक पूरे राजनीतिक युग के अंत और नए शक्ति-संतुलन की शुरुआत समझा जाना चाहिए। यह चुनाव केवल संसद की सीटों का गणित नहीं है, बल्कि उस सामाजिक-राजनीतिक बेचैनी की परिणति है, जो वर्षों से सड़कों, विश्वविद्यालयों, श्रमिक बस्तियों और सीमावर्ती इलाकों में सुलग रही थी। इस जनादेश ने साफ संकेत दिया है कि देश अब पुराने ढर्रे की राजनीति से आगे निकलना चाहता है लेकिन यह रास्ता लोकतांत्रिक स्थिरता की ओर जाएगा या नए असंतुलन की ओर, यह अभी भी एक अनुत्तरित ज्वलंत सवाल है।

आंकड़ों की बात करें तो तस्वीर साफ है। संसद में स्पष्ट बहुमत एक ही राजनीतिक धारा के पक्ष में गया है। कुल सीटों का बड़ा हिस्सा एक ही पार्टी बीएनपी के खाते में गया, जबकि विपक्षी ताकतें सीमित, बिखरी हुई और वैचारिक रूप से खंडित दिखाई देती हैं। मतदान प्रतिशत अपेक्षाकृत ऊंचा रहा, जो यह संकेत देता है कि जनता ने चुनाव को महज़ औपचारिकता नहीं माना, बल्कि उसे सत्ता-परिवर्तन का माध्यम समझा। हालांकि यह भी सच है कि अवामी लीग की अनुपस्थिति से चुनावी मुकाबला असंतुलित रहा, लेकिन इसके बावजूद जनमत का संदेश दो-टूक है। पुरानी सत्ता संरचना से मोहभंग और नए विकल्प की तलाश। यह जनादेश मूलतः तीन संदेश देता है। पहला, जनता सत्ता के केंद्रीकरण से ऊब चुकी थी। दूसरा, आर्थिक असमानता, बेरोज़गारी और संस्थागत भ्रष्टाचार के खिलाफ गुस्सा निर्णायक रूप में वोट में बदला। तीसरा, राजनीति में नैरेटिव बदला है, अब सिर्फ 'स्थिरता' नहीं, बल्कि 'न्याय और समान अवसर' की भाषा असर कर रही है। यही कारण है कि यह चुनाव भावनात्मक नहीं, बल्कि संरचनात्मक बदलाव का संकेत देता है। ऐसा नहीं लगता कि तारीक रहमान के नेतृत्व में आने वाली सरकार सहजता से शासन कर पाएगी। शपथ लेने के साथ ही उनकी असली चुनौती शुरू होती है। नया नेतृत्व जितना शक्तिशाली जनादेश लेकर आया है, उतनी ही बड़ी उसकी ज़िम्मेदारी है। लोकतंत्र में बहुमत ताकत नहीं, उत्तरदायित्व होता है। यदि यह सरकार संस्थाओं को मजबूत करती है, विपक्षी आवाज़ों को सम्मान देती है और चुनावी जीत को 'सहमति की राजनीति' में बदलती है, तो बांग्लादेश एक



नई लोकतांत्रिक स्थिरता की ओर बढ़ सकता है लेकिन यदि बहुमत 'वर्चस्व' में बदल गया, या फिर शेख हसीना की सरकार की तरह शक्तियों का केंद्रीकरण किया जाने लगा तो वही चक्र दोहराया जाएगा, जिससे बांग्लादेश बाहर निकला है। बांग्लादेश के राष्ट्रीय स्तर पर आर्थिक मोर्चे की तस्वीर उतनी चमकदार नहीं है, जितनी राजनीतिक मंच से दिखाई जाती है। विकास दर के दावों के बावजूद ज़मीनी सच्चाई बेरोज़गारी, महंगाई, विदेशी मुद्रा दबाव और असमान विकास की है। शहरी केंद्रों में समृद्धि का भ्रम है, लेकिन ग्रामीण और सीमावर्ती इलाकों में आर्थिक हाशियाकरण अब भी गहरा है। नया शासन अगर सिर्फ मैक्रो-इकोनॉमिक आंकड़ों में उलझा रहा और रोजगार-केंद्रित विकास मॉडल नहीं अपनाया, तो सामाजिक असंतोष जल्द ही राजनीतिक संकट में बदल सकता है। रही बात भारत-बांग्लादेश संबंधों की तो पिछले दशक में यह रिश्ता 'रणनीतिक साझेदारी' से 'रणनीतिक निर्भरता' की ओर बढ़ा था। ऊर्जा, ट्रांज़िट, व्यापार, सीमा-सुरक्षा के स्तर पर भारत की भूमिका निर्णायक रही, लेकिन सत्ता परिवर्तन के साथ ही इस रिश्ते की भाषा बदलेगी। हो सकता है कि नया शासन भारत को सहयोगी तो माने, लेकिन एकमात्र रणनीतिक विकल्प नहीं। यह फर्क सूक्ष्म है, पर निर्णायक। भारत अब 'स्वाभाविक साथी' रहेगा, पर 'विशेषाधिकार प्राप्त साझेदार' की उसकी भूमिका बदलती दिखाई दे रही है। यह बदलाव सीधे दक्षिण एशिया की जियो-पॉलिटिक्स को प्रभावित करेगा। बांग्लादेश का झुकाव बहु-ध्रुवीय विदेश नीति की ओर होगा,जहां भारत, चीन, खाड़ी देश, दक्षिण-पूर्व एशिया सभी समानांतर विकल्प होंगे। इसका अर्थ है कि भारत का क्षेत्रीय वर्चस्व नैरेटिव कमजोर हो सकता है और प्रतिस्पर्धात्मक कूटनीति का युग शुरू होने जा रहा है। यह केवल कूटनीतिक नहीं, बल्कि भू-आर्थिक प्रतिस्पर्धा भी होगी-बंदरगाह, लॉजिस्टिक्स, निवेश और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर के स्तर पर। अब बांग्लादेश का जुड़ना इस क्षेत्र को एक ऐसे मोड़ पर ले जाएगा, जहां भारत को नेतृत्व 'स्वाभाविक' नहीं, बल्कि 'अर्जित' करना होगा। यानी सहयोग विश्वास से बनेगा, दबाव से नहीं। भारत के लिए यह क्षण आत्ममंथन का है। पड़ोस-नीति को सुरक्षा-केंद्रित चश्मे से देखने का समय अब खत्म हो रहा है। भारत को बांग्लादेश को "रणनीतिक फ्रंटलाइन" नहीं, बल्कि "समान साझेदार" के रूप में देखना होगा। भारत को अब शेख हसीना के समय में उपजे व्यक्तिवाद के समर्थन की रणनीति के बजाय कूटनीति का लोकतंत्रीकरण कर, आगे बढ़कर संबंधों का नवीकरण करना होगा।

शिक्षा, संस्कृति, युवा, मीडिया और नागरिक संवाद के स्तर पर निवेश बढ़ाना होगा। आर्थिक सहयोग का नया मॉडल,सिर्फ परियोजनाएं नहीं, बल्कि स्थानीय रोजगार-केंद्रित निवेश बनाना होगा और भाषा में संयम लाना पड़ेगा। भारत एवं बांग्लादेश दोनों देशों की सरकारों को समझना होगा कि हर मुद्दे को सुरक्षा समस्या बनाना रिश्तों को खोखला करता है। बहु-पक्षीय मंचों पर सक्रियता बिम्सटेक, क्षेत्रीय व्यापार मंचों और समुद्री सहयोग ढांचों में नेतृत्व संभालना है तो व्यावहारिक बना होगा और नई सरकार को समर्थन देते हुए शेख हसीना के मुद्दे को भी सुलझाना होगा। सच यह है कि भारत यदि बांग्लादेश को "प्रभाव-क्षेत्र" की तरह देखेगा, तो वह उसे धीरे-धीरे खो देगा और यदि उसे "साझा भविष्य" का भागीदार मानेगा, तो यह रिश्ता और गहरा होगा।

इतिहास गवाह है कि जो देश पड़ोस में लोकतंत्र को अवसर मानते हैं, वे स्थिर रहते हैं; जो उसे ख़तरा मानते हैं, वे अस्थिर होते हैं। बांग्लादेश ने अपना रास्ता चुन लिया है। अब भारत की बारी है कि वह अपनी राह चुने और एक-एक कर उसे दूर होते पड़ोसियों को चीन या पाकिस्तान की गोद में बैठने से बचाए।

(लेखक राजनीतिक समीक्षक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

दिवस विशेष
मुनीष भाटिया




# शिव दर्शन से सत्ता और न्याय का संतुलन संभव

आज के समय में जब समाज अनेक संकटों से जूझ रहा है, तब शिवजी की यह शिक्षा और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। अगर सामाजिक दृष्टि से देखा जाए, तो शिव का संदेश स्पष्ट है- समानता और समावेशिता। वे सभी वर्गों को समान दृष्टि से देखते हैं, चाहे वे किसी भी पृष्ठभूमि से आते हों। हम आधुनिक समाज में जाति, धर्म, वर्ग और संप्रदाय के नाम पर बंटे हुए हैं। हमारा सामाजिक ढांचा इतनी गहराई तक विभाजित हो चुका है कि हम मनुष्य की वास्तविक पहचान को भूल चुके हैं। शिव हमें यह सिखाते हैं कि किसी व्यक्ति की पहचान उसकी कर्मशीलता, उसकी सोच और उसके आचरण से होती है, न कि उसके जन्म से। अगर हम उनके इस सिद्धांत को आत्मसात करें, तो समाज में व्याप्त असमानता, भेदभाव और वैमनस्य को खत्म किया जा सकता है। इसके अलावा, मानसिक तनाव और अवसाद आज एक वैश्विक समस्या बन चुके हैं। लोग भौतिक सुख-सुविधाओं की दौड़ में इतने व्यस्त हो गए हैं कि मानसिक शांति खोते जा रहे हैं। शिव का योग और ध्यान से जुड़ा दर्शन यह दर्शाता है कि मानसिक शांति के लिए आंतरिक संतुलन आवश्यक है। वे विलासिता से दूर रहते हैं और सरलता को अपनाने का संदेश देते हैं। शिवजी के जीवन में एक और महत्वपूर्ण पक्ष है-उनकी सादगी। वे एक महान योगी हैं, जो भौतिक सुख-सुविधाओं से दूर रहते हैं। वे कैलाश पर्वत पर निवास करते हैं, जो ठंड और कठोरता का प्रतीक है। उनके शरीर पर भस्म लगी होती है, जो यह दर्शाती है कि सांसारिक मोह-माया का अंत निश्चित है। वे यह संदेश देते हैं कि जीवन का असली आनंद भौतिक वस्तुओं में नहीं, बल्कि संतोष में है। आधुनिक समय में हम एक उपभोक्तावादी संस्कृति में जी रहे हैं, जहां हर कोई अधिक से अधिक भौतिक सुख-साधनों की लालसा रखता है। इस लालसा का कोई अंत नहीं है, और अंततः यह मानसिक अशांति और सामाजिक असंतुलन को जन्म देती है। शिव का दृष्टिकोण हमें यह सिखाता है कि जीवन में संतुलन बनाए रखना आवश्यक है, न तो पूरी तरह भौतिकता में डूबना सही है और न ही पूरी तरह से विमुख होना। शिव का जीवन मितव्ययिता और श्रम की महत्ता को दर्शाता है। उनकी विचारधारा हमें यह सिखाती है कि संसाधनों का न्यायसंगत वितरण होना चाहिए और श्रम को उचित सम्मान मिलना चाहिए।

यदि हम इस दर्शन को अपनाएं तो धन और संसाधनों का अधिक समान वितरण सुनिश्चित कर सकते हैं। भगवान शिव केवल एक देवता नहीं हैं, वे एक संपूर्ण जीवन दर्शन हैं। शिव को त्याग, संतुलन और न्याय का प्रतीक माना जाता है। वे उन आदर्शों को प्रस्तुत करते हैं, जो किसी भी समाज, अर्थव्यवस्था और शासन प्रणाली के लिए महत्वपूर्ण होते हैं। उनका जीवन संदेश देता है कि शक्ति का सही उपयोग समाज कल्याण के लिए होना चाहिए, न कि व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए। वे त्याग, तपस्या, न्याय और संतुलन के प्रतीक हैं। उनका व्यक्तित्व जितना सरल है, उतना ही गूढ़ भी। वे संहार करते हैं, लेकिन केवल तभी जब समाज में अन्याय, अधर्म और अराजकता अपनी चरम सीमा पर पहुंच जाती है। शिवजी को नीलकंठ कहा जाता है क्योंकि उन्होंने समुद्र मंथन से निकले विष को अपने गले में धारण किया था। यह विष सम्पूर्ण संसार को नष्ट कर सकता था, लेकिन शिव ने उसे अपने भीतर समाहित कर लिया ताकि समाज सुरक्षित रहे। इस घटना का गहरा सांकेतिक अर्थ है। यह हमें बताता है कि समाज में बदलाव लाने के लिए, बुराइयों को समाप्त करने के लिए, सही नेतृत्व आवश्यक है। एक ऐसा नेतृत्व जो बलिदान देने को तैयार हो, जो समाज के कल्याण के लिए स्वयं कष्ट उठाने से न हिचके। राजनीतिक दृष्टि से शिव नेतृत्व का एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। वे न्यायप्रिय हैं, लेकिन जब अन्याय अपनी सीमा पार कर लेता है, तो वे कठोर निर्णय लेने में संकोच नहीं करते। यह दृष्टिकोण प्रशासन के लिए एक आदर्श हो सकता है, जहां निर्णय न्याय और नीति के आधार पर लिए जाएं। वे सत्ता और शक्ति का उपयोग व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए नहीं, बल्कि संतुलन बनाए रखने के लिए करते हैं। वे दंड और प्रेम का संतुलन बनाए रखते हैं। यदि हम शिव के विचारों को आत्मसात करें, तो एक अधिक न्यायसंगत, संतुलित और समावेशी समाज का निर्माण संभव है। उनके दर्शन में केवल अतीत की शिक्षाएं नहीं, बल्कि वर्तमान और भविष्य की समस्याओं के समाधान भी छिपे हैं। आज जब विश्व परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है, तब हमें शिव के संतुलन, न्याय और कर्मशीलता के सिद्धांत को अपनाने की आवश्यकता है, ताकि समाज, अर्थव्यवस्था और राजनीति में सकारात्मक बदलाव लाया जा सके।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## सफलता पाने के लिए मन पर अंकुश जरूरी




संकलित
दर्शन

मन अधिक चंचल है, क्योंकि वह माया में रमा हुआ है। उसे जीवन सफलता के मार्ग पर अग्रसर करने के लिए बड़े अंकुश की आवश्यकता होती है। परमात्मा के भय से बड़ा कोई नियंत्रक नहीं है। वह दृष्टिगोचर नहीं है। फिर भी सर्वव्यापी है। उसके कोई अधिकारी नहीं हैं। फिर भी उसका राज्य अनंत एवं व्यवस्था अति सुचारु है। उसने कोई संविधान नहीं बनाया। फिर भी वह गुण-दोष परखकर फल देता जा रहा है। परमात्मा अंतर्यामी है। कुछ भी उसकी दृष्टि से ओझल नहीं है। उसका न्याय होकर रहता है। सांसारिक विधानों से बचा जा सकता है, किंतु परमात्मा की परम शक्ति से नहीं। परमात्मा की सत्ता को स्वीकार कर उसके अनुसार जीवन व्यतीत करना ही दंड से बचने का एकमेव उपाय है। परमात्मा निराकार है, किंतु उसका कौतुक जीवन को प्रत्यक्षतः प्रभावित करता है। परमात्मा का सबसे बड़ा प्रभाव मनुष्य का तन है, जो पांच तत्वों जल, वायु, अग्नि, धरती और आकाश के संयोग से बना है। ये पांचों तत्व परस्पर विपरीत प्रकृति के हैं। वे एक साथ नहीं रह सकते। परमात्मा की ही महिमा है कि एक साथ जीव के तन में बस रहे हैं। इससे बड़ा चमत्कार कोई और नहीं हो सकता। परमात्मा ने अगण्य जीव रचे हैं और नित्य रचता जा रहा है। वह जीवों को रचता ही नहीं, उनका प्रतिपालन भी करता है। उसकी कृपा एवं उसका दंड पल-पल संसार में प्रकट होते हैं। वह राजा से रंक, रंक से राजा, ज्ञानी से अज्ञानी एवं अज्ञानी से ज्ञानी बना रहा है। उसकी लीला वही जानता है।

## गणेशजी ने मुनि का मार्ग प्रशस्त किया



संकलित
प्रेरणा

अगस्त्य नाम के ऋषि थे, वे समुद्र के किनारे कठोर व्रत कर रहे थे, वहाँ से कुछ दूरी पर एक पक्षी अपने अंडो को से रहा था। उसी समय समुद्र में तूफान सी लहरे उठने लगी, पानी चढ़ने लगा और पानी अपने साथ अंडो को बहा ले गया, पक्षी बहुत दुःखी हुआ और उसने प्रतिज्ञा की कि मैं समुद्र के जल को समाप्त कर दूंगी और अपने चोंच में सागर के जल को भर भर कर फेंकने लगी ऐसा करते करते उसे काफी समय बित गया, समुद्र का जल घटा ही नहीं। वह दुःखी मन से अगस्त्य मुनि के पास गई और अपनी व्यथा सुना समुद्र को सुखाने की प्रार्थना की। अगस्त्य मुनि ने ध्यान से पक्षी की व्यथा सुनी और चिंता व्यक्त की। ऋषि विचार करने लगे की मैं कैसे इस पक्षी की सहायता कर सकता हूं। उन्हें चिंता होने लगी की मैं कैसे समुद्र के जल को पी कर सुखा सकूंगा। विचार करते हुए अगस्त्य मुनि ने गणेश जी का स्मरण किया और संकट चतुर्थी व्रत को पूरा किया। तीन मास व्रत करने से गणेश जी प्रसन्न हो गए। गणेशजी ने मुनि का मार्ग प्रशस्त किया चौथ व्रत की कृपा से अगस्त्य मुनि ने प्रेम से समुद्र को पी कर सुखा दिया और पक्षी की प्रतिज्ञा को पूरा किया। प्रतिज्ञा पूरी होने से पक्षी भी खुश हुआ।

## अंतर्मन




## आज की पाती


### रोजगार निगल जाएगी एआई तकनीक

कुछ समय पहले अमेरिका में मैकिन्से ग्लोबल इंस्टीच्यूट की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि एआई अमेरिका में भी रोजगार पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती है। इसमें बताया गया है कि वर्ष 2030 तक वहां बहुत से लोगों का रोजगार यह तकनीक छीन सकती है। पुरुषों से ज्यादा महिलाओं की नौकरी इस तकनीक से जा सकती है। कुछ लोग एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के अवसर में भी मौका ढूंढने के पक्ष में विचार रख रहे हैं। परिवर्तन प्रकृति का भी नियम है, लेकिन यह जरूरी नहीं कि कोई परिवर्तन हर किसी के लिए लाभदायक ही हो।

- सतीश चौबे, भिलाई

## करंट अफेयर


### पाकिस्तान में नौ शेर व दो जिराफ को दया मृत्यु दी गई



पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में असाध्य वंशानुगत बीमारियों से पीड़ित नौ शेरों और दो जिराफों को 'दया मृत्यु' दे दी गई। लाहौर सफारी पार्क में लगभग 30-40 शेर हैं, जबकि जिराफों की यह जोड़ी अक्टूबर 2025 में दक्षिण अफ्रीका से लाई गई थी। वन्यजीव विभाग के एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को बताया कि नौ में से सात शेर सफारी पार्क के थे, जबकि दो स्थानीय चिड़ियाघरों से लाए गए थे। पंजाब की वरिष्ठ मंत्री मरियम औरंगज़ेब ने कहा कि बीमार शेरों को पशु चिकित्सकों की सलाह पर प्रांत के विभिन्न चिड़ियाघरों से लाहौर सफारी पार्क भेजा गया था। मंत्री ने एक बयान में कहा, /"कुछ शेर असाध्य वंशानुगत बीमारियों से ग्रस्त थे, जबकि कुछ ऐसे रोग से पीड़ित थे जिनका कोई प्रभावी इलाज संभव नहीं था।/" उन्होंने कहा कि पशु चिकित्सकों और वन्यजीव विशेषज्ञों की एक समिति ने इन मामलों की समीक्षा की थी। मंत्री ने कहा, /"लाइलाज बीमारियों से पीड़ित पशुओं को आगे की पीड़ा से बचाने के लिए 'दया मृत्यु' देना वैश्विक स्तर पर मानक प्रथा है और पाकिस्तान के वन्यजीव कानूनों में भी इसका प्रावधान है।

## ऑफ बीट

### आपकी विशिष्ट गंध देगी बीमारी की जानकारी



हमारे शरीर से हर सेकंड सैकड़ों रसायन हवा में प्रवाहित होते हैं। ये रसायन हवा में आसानी में घुल जाते हैं क्योंकि इनमें वाष्प का दबाव अधिक होता है, जिसका अर्थ है कि वे उबल जाते हैं और कमरे के तापमान पर गैस में बदल जाते हैं। वे इस बात का पता देते हैं कि हम कौन हैं और कितने स्वस्थ हैं। प्राचीन यूनानी काल से, हम जानते हैं कि जब हम अस्वस्थ होते हैं तो हमारी गंध अलग-अलग होती है। जबकि आज हम रक्त विश्लेषण पर भरोसा करते हैं, प्राचीन यूनानी चिकित्सक बीमारियों के निदान के लिए गंध का उपयोग करते थे। आपकी सांस का एक झोंका लेकर वह बता सकते थे कि आपको फेटोर हेपेटिकस (मतलब खराब लीवर) है, तो इसका मतलब होता था कि आप लीवर की बीमारी की ओर बढ़ सकते हैं। यदि किसी व्यक्ति की सांस की हवा में मीठापन या फलों की गंध होती थी, तो चिकित्सकों का निष्कर्ष होता था कि पाचन तंत्र में शर्करा टूट नहीं रही है, और उस व्यक्ति को संभवतः मधुमेह है। विज्ञान ने तब से दिखाया है कि प्राचीन यूनानी सही थे - जिगर की विफलता और मधुमेह तथा संक्रामक रोगों सहित कई अन्य बीमारियाँ आपकी सांसों को एक विशिष्ट गंध देती हैं। 1971 में, नोबेल पुरस्कार विजेता रसायनज्ञ लिनुस पॉलिंग ने सांस में 250 विभिन्न गैसीय रसायनों की गिनती की।

## ट्रेंड

### समृद्ध राष्ट्र की नींव



आर्थिक प्रगति से समृद्धि बढ़ती है तथा तकनीकी प्रगति नवाचार, दक्षता और प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देती है। ये एक समृद्ध राष्ट्र की नींव रखते हैं। लेकिन नैतिकता-विहीन आर्थिक और तकनीकी विकास समाज में असंतुलन पैदा कर सकते हैं।

**- द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति**

### हर रोज नया बहाना



संसद को बाधित करने के लिए हर रोज नया बहाना गढ़ना अब कांग्रेस की कार्यशैली नहीं, उसकी पहचान बन चुकी है। नेता प्रतिपक्ष होते हुए भी राहुल गांधी ने जिम्मेदारी का नहीं, अराजकता का रास्ता चुना है। झूठ बोलो और बार-बार बोलो की राजनीति अब उनकी राजनीतिक पहचान है।

**- धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री**

### विशेषाधिकार प्रस्ताव लाएं



एफआईआर हो, मुकदमा दर्ज हो या विशेषाधिकार प्रस्ताव लाएं - मैं किसानों के लिए लड़ूंगा। जो भी ट्रेड डील किसानों की रोज़ी-रोटी छीने या देश की खाद्य सुरक्षा को कमजोर करे, वह किसान-विरोधी है।

**- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**

### 'सेवा तीर्थ' का उद्घाटन



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 'सेवा तीर्थ' का उद्घाटन नए भारत की आधुनिक कार्य संस्कृति का एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। पीएमओ, राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय और कैबिनेट सचिवालय का एक ही छत के नीचे आना 'न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन' को चरितार्थ करेगा।

**- भजनलाल शर्मा, सीएम, राजस्थान**

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

### दोनों टीमों का 7 साल बाद हुआ आमना-सामना

# जिम्बाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया को 19 साल बाद हराया, बेनेट ने खेली अर्धशतकीय पारी

एजेंसी ▶▶| कोलंबो



टी20 वर्ल्ड कप में शुक्रवार को बड़ा उलटफेर हुआ। कोलंबो में जिम्बाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया को 23 रन से हरा दिया। जिम्बाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया को 19 साल बाद टी20 में हराया। इससे पहले 2007 टी20 वर्ल्ड कप में केपटाउन में जिम्बाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया को हराया था।

दोनों टीमों का क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारुप में 7 साल बाद आमना-सामना हुआ। इससे पहले हरारे में 2018 में खेले दो मुकाबलों में ऑस्ट्रेलिया ने जिम्बाब्वे को हराया था। कुल 4 बार दोनों टीमों का मुकाबला हुआ है और दोनों को दो-दो जीत मिली है। कोलंबो में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। जिम्बाब्वे ने ब्रायन बेनेट के नाबाद अर्धशतकीय पारी के दम पर 2 विकेट पर 169 रन बनाए। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया 19.2 ओवर में 146 रन पर आउट हो गई।

## यह अविश्वसनीय है : रजा

जिम्बाब्वे के कार्यवाहक कप्तान सिकंदर रजा ने आस्ट्रेलिया पर जीत को 'अविश्वसनीय' करार देते हुए कहा कि टीम की एकजुटता, माहौल और संस्कृति ने इसे संभव कर दिखाया। रजा ने कहा,' बहुत खुश हूं और गौरवान्वित भी। बड़े भाई की तरह महसूस कर रहा हूं, जिसके छोटे भाई मिलकर इतना कुछ हासिल कर रहे हैं।' उन्होंने कहा ,' बाहर से देखकर बहुत अच्छा लगा कि टीम ने कैसे जीत हासिल की।

## हम दबाव से उबर नहीं सके : हेड

आस्ट्रेलियाई कप्तान हेड ने कहा, शुरुआत में हमें लगा था कि यह एक बेहतरीन विकेट है। हमने सोचा था कि यह दोनों पारियों में एक जैसा रहेगा। लेकिन बाद में यह मुश्किल हो गया और हमने लगातार अंतराल पर जल्दी-जल्दी विकेट गंवाए, जिसके चलते हम पर दबाव आ गया। हम उस दबाव से उबर नहीं सके और फिर मैच में पीछे होते चले गए।

## अमेरिका ने नीदरलैंड को 93 रन से हराया

■ साईतेजा का अर्धशतक व हरमीत के चार विकेट

**चेन्नई।** अमेरिका ने साईतेजा मुक्कमल्ला (79 रन) के अर्धशतक और बाएं हाथ के स्पिनर हरमीत सिंह (21 रन देकर चार विकेट) के चार विकेट की मदद से शुक्रवार को यहां आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप ए मैच में नीदरलैंड को 93 रन से हराकर अपनी पहली जीत दर्ज की। अमेरिका की यह नीदरलैंड पर टी-20 अंतरराष्ट्रीय में पहली जीत है। मुक्कमल्ला और अंत में शुभम रंजने की नाबाद 48 रन की पारी से अमेरिका ने छह विकेट पर 196 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया। मुक्कमल्ला की 51 गेंद की पारी में पांच चौके और चार छक्के जड़े थे। फिर पूर्व भारतीय अंडर-19 स्टार हरमीत के चार ओवर में चार विकेट और शाडली वान शाल्कविक के 2.5 ओवर में 21 रन देकर तीन विकेट झटकने से अमेरिका ने नीदरलैंड को 15.5 ओवर में महज 103 रन पर समेट दिया। हरमीत का यह प्रदर्शन अमेरिका के लिए टी20 विश्व कप मैच में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी रहा। मोहम्मद मोहसिन ने तीन ओवर में 19 रन देकर दो विकेट झटके। बाएं हाथ के स्पिन नोसतुश केंजिगे को भी एक विकेट मिला। नीदरलैंड का कोई भी बल्लेबाज बड़ी साझेदारी नहीं कर सका। उसके लिए बास डि लीडे 23 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे। उनके अलावा कप्तान स्कॉट एड्वर्ड्स ने 20 रन का योगदान दिया। इससे पहले मुक्कमल्ला ने कप्तान मोनंक पटेल (36) के साथ दूसरे विकेट के लिए 55 रन और मुंबई के पूर्व ऑलराउंडर रंजने (24 गेंद, तीन चौके, दो छक्के) के साथ चौथे विकेट के लिए 54 रन जोड़े।

## भारत-पाकिस्तान मैच में बारिश की आशंका

भारत-पाकिस्तान वर्ल्डकप मैच का मजा बारिश बिगाड़ सकती है। टी-20 वर्ल्ड कप के ग्रुप स्टेज में दोनों टीमें 15 फरवरी को कोलंबो में भिड़ने वाली हैं, लेकिन इस दिन शहर के 60% इलाकों में बारिश का अनुमान है। अगर ऐसा हुआ तो फैंस क्रिकेट की बड़ी राइवलरी को मिस कर देंगे। टीम इंडिया 13 फरवरी रात कोलंबो पहुंची। वहीं पाकिस्तान टीम अपने सभी मैच कोलंबो में ही खेल रही है। पाक टीम ने अमेरिका और नीदरलैंड को शुरुआती मुकाबले हराए। वहीं भारत ने अमेरिका और नामीबिया को हराया।

# यूएई ने कनाडा को पांच विकेट से हराया

## हर्ष की फिफ्टी, जुनैद की शानदार बॉलिंग

### ग्रुप-डी की प्वाइंट्स टेबल में चौथे स्थान पर यूएई




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

यूएई ने कनाडा के खिलाफ टी20 वर्ल्ड कप 2026 के 20वें मुकाबले को 5 विकेट से जीता। इस जीत के साथ यूएई ग्रुप-डी की प्वाइंट्स टेबल में चौथे स्थान पर पहुंच गया है। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी कनाडा की टीम ने 7 विकेट खोकर 150 रन बनाए। इस टीम ने 38 के स्कोर तक अपने 3 विकेट खो दिए थे। हर्ष ठाकर ने नवनीत धालीवाल के साथ 58 रन की साझेदारी की। नवनीत 34 रन बनाकर आउट हुए, जिसके बाद हर्ष ने श्रेयस मोव्वा के साथ 33 रन जोड़ते हुए टीम को 129 के स्कोर तक पहुंचाया। श्रेयस 21 रन बनाकर पवेलियन लौटे, जबकि हर्ष ने 50 रन की पारी खेली। कप्तान दिलप्रीत बाजवा ने 11 रन बनाया। विपक्षी खेमे से जुनैद सिद्दीकी ने 4 ओवरों में 35 रन देकर 5 विकेट हासिल किए, जबकि मुहम्मद जवादुल्लाह ने 1 विकेट निकाला।

## यूएई ने 19.4 ओवरों में दर्ज की जीत

इसके जवाब में यूएई की टीम ने 19.4 ओवरों में जीत दर्ज कर ली। इस टीम ने 12 के स्कोर पर कप्तान मुहम्मद वसीम (4) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद आर्यांश शर्मा ने अलीशान शराफू (5) के साथ दूसरे विकेट के लिए 29 रन की साझेदारी की। यह टीम 66 के स्कोर तक अपने 4 विकेट गंवा चुकी थी, जहां से आर्यांश ने शोएब खान के साथ पांचवें विकेट के लिए 84 रन जोड़ते हुए टीम को 150 के स्कोर तक पहुंचाया। आर्यांश 74 रन बनाकर आउट हुए, जबकि शोएब खान ने 51 रन की पारी खेली। विपक्षी खेमे से साद बिन जफर ने 14 रन देकर 3 विकेट निकाले, जबकि कलीम और जसरकरण सिंह को 1-1 सफलता हाथ लगी।

## पाक गेंदबाज का एक्शन बना विवाद का विषय

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के स्पिनर उस्मान तारिक का गेंद फेंकने के दौरान क्षणिक विराम और क्रीज पर



मूर्ति जैसी मुद्रा ने टी20 विश्व कप के दौरान कई लोगों का ध्यान अपनी तरफ आकर्षित किया है। ऐसा लगता है कि वह बल्लेबाजों को भ्रम में डालने के लिए ऐसा करते हैं, जिसको लेकर सवाल भी उठाए जा रहे हैं। इसके साथ ही विवाद भी खड़ा हो गया है। तारिक की रुक-रुक कर गेंद फेंकने की शैली को अवैध गेंद कहना या क्रिकेट की भाषा में कहें तो चकिंग कहना। उनके गेंदबाजी एक्शन की दो बार रिपोर्ट भी की गई लेकिन दोनों अवसरों पर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने उनके एक्शन को सही करार दिया।

# ग्रुप में बादशाहत बनाने के लिए द.अफ्रीका-न्यूजीलैंड का मुकाबला

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद



**आज शाम 7 बजे से अहमदाबाद में भिड़ेंगी दो दिग्गज टीम**

न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका का सुपर आठ में पहुंचना तय है और ऐसे में शनिवार को जब दोनों टीम आमने-सामने होंगे तो उनका लक्ष्य टी20 विश्व कप के ग्रुप डी में शीर्ष स्थान हासिल करने की अपनी कोशिशों को अमली जामा पहनाना होगा। दोनों टीमों ने अपने शुरुआती दो मैच जीते हैं। न्यूजीलैंड ने अब तक शानदार प्रदर्शन किया है। अफगानिस्तान को छह विकेट पर 186 रन पर रोकने के बाद न्यूजीलैंड ने टिम सीफर्ट के 65 रन तथा ग्लेन फिलिप्स (42), मार्क चैपमैन (28) और डैरिल मिशेल (नाबाद 25) के योगदान की बदौलत 17.5 ओवरों में लक्ष्य हासिल कर दिया। इससे पहले सीफर्ट और फिन एलन के शानदार प्रदर्शन से न्यूजीलैंड ने यूएई को 10 विकेट से हराया था। उसने केवल 15.2 ओवरों में 174 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया था।

## पाकिस्तान के खिलाफ कुलदीप को उतारे भारत

**नई दिल्ली।** पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर को उम्मीद है कि रविवार को कोलंबो में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले टी20 विश्व कप मैच में भारतीय टीम तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह की जगह लेग स्पिनर कुलदीप यादव को अंतिम एकादश में शामिल करेगी। नामीबिया के बल्लेबाजों ने गुरुवार को अर्शदीप की जमकर धुनाई की और उन्होंने अपने कोटे के चार ओवर भी पूरे नहीं किए। गावस्कर ने कहा, 'हमारे सभी गेंदबाजों ने विकेट लिए। अर्शदीप ने अपने चार ओवर पूरे नहीं किए, जबकि शिवम दुबे ने दो ओवर और हार्दिक ने अपना कोटा पूरा किया। इससे संकेत मिलता है कि कुलदीप यादव पाकिस्तान के खिलाफ मैच में अर्शदीप की जगह ले सकते हैं।'

# सतेंद्र ने कुक जलडमरुमध्य किया पार

■ पहले एशियाई पैरा तैराक बने

**नई दिल्ली।** भारत के सतेंद्र सिंह लोहिया न्यूजीलैंड में कुक जलडमरुमध्य को पार करने वाले एशिया के पहले पैरा तैराक बन गए हैं। मध्य प्रदेश के भिंड जिले के रहने वाले 38 वर्षीय लोहिया को 2024 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया था। लोहिया ने कहा, 'ऐतिहासिक उपलब्धि। न्यूजीलैंड में कुक जलडमरुमध्य पर जीत। दुनिया के सबसे चुनौतीपूर्ण समुद्री मार्गों में से एक न्यूजीलैंड के कुक जलडमरुमध्य को अपनी टीम के साथ सफलतापूर्वक पार करने के बाद आज मैं बेहद भावुक और गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। पहली बार एशिया के किसी पैरा तैराक ने कुक जलडमरुमध्य को पार किया है।'

## 9 घंटे और 22 मिनट में हासिल की उपलब्धि



अधिकारियों के अनुसार यह पैरा तैराक जनवरी के तीसरे सप्ताह में न्यूजीलैंड पहुंचा और वहां उन्होंने बेहद ठंडे पानी में कड़ा अभ्यास किया। उन्होंने नौ घंटे और 22 मिनट में 23.6 किलोमीटर तैरकर यह उपलब्धि हासिल की। डायरिया का उचित इलाज नहीं हो पाने के कारण लोहिया बचपन में ही दिव्यांग हो गए थे। उन्होंने 2017 में समुद्री तैराकी का अपना सफर शुरू किया था। वह इंग्लिश चैनल को भी पार कर चुके हैं।

### कुरेन टीम में शामिल

# जिम्बाब्वे के टेलर चोट के कारण विश्व कप से बाहर



एजेंसी ▶▶| कोलंबो

जिम्बाब्वे के अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज ब्रेंडन टेलर एक ग्रुप मैच के दौरान लगी चोट के कारण टी20 विश्व कप से बाहर हो गए हैं और उनकी जगह टीम में बेन कुरेन को शामिल किया गया। चालीस वर्षीय टेलर 9 फरवरी को ओमान के खिलाफ खेले गए मैच में चोटिल होने के कारण मैदान से लंगड़ाते हुए बाहर चले गए थे। जिम्बाब्वे ने यह मैच आठ विकेट से जीता था। कप्तान सिकंदर रजा ने कहा, 'ब्रेंडन टेलर को चोट लग गई है और वह टूर्नामेंट में आगे नहीं खेल पाएंगे।' टी20 विश्व कप की टूर्नामेंट की तकनीकी समिति ने इंग्लैंड के ऑलराउंडर सैम के भाई शीर्ष क्रम के बल्लेबाज बेन कुरेन को टेलर की जगह लेने की मंजूरी दी।

## तकनीकी समिति की मंजूरी जरूरी



आईसीसी ने कहा, '9 फरवरी को ओमान के खिलाफ मैच के दौरान हैमस्ट्रिंग में चोट लगने के बाद टेलर के बाहर होने पर बेन कुरेन को उनकी जगह चुना गया। ' किसी खिलाड़ी की जगह लेने के लिए हालांकि टूर्नामेंट की तकनीकी समिति की मंजूरी जरूरी है, इसके बाद ही आधिकारिक रूप से उसकी जगह दूसरे खिलाड़ी को टीम में शामिल किया जा सकता है। जिम्बाब्वे जब ओमान के खिलाफ लक्ष्य का पीछा कर रहा था तो टेलर को विकेटों के बीच दौड़ लगाने में परेशानी हो रही थी। उन्होंने जब 30 गेंद पर 31 रन बनाए थे तब उन्हें रिटायर्ड हर्ट होकर पवेलियन लौटना पड़ा था।

## आयरलैंड को झटका, कप्तान स्टर्लिंग नहीं खेल पाएंगे विश्वकप



**कोलंबो।** आयरलैंड को ओमान के खिलाफ ग्रुप मैच से पहले करारा झटका लगा जब उसके कप्तान पॉल स्टर्लिंग घुटने की चोट के कारण टी20 विश्व कप से बाहर हो गए। स्टर्लिंग को आस्ट्रेलिया के खिलाफ बुधवार को हुए मैच में एक कैच लेते हुए दाहिने घुटने में चोट लगी थी। इसके बाद बल्लेबाजी करते हुए तेजी से एक रन लेने के प्रयास में वह चोट और गंभीर हो गई। टी20 विश्व कप इवेंट तकनीकी समिति ने स्टर्लिंग की जगह सैम टॉपिंग को आयरलैंड की 15 सदस्यीय टीम में शामिल करने को मंजूरी दे दी है।


## उत्तर रेलवे

### ई–निविदा

वरिष्ठ मंडल अभियंता–समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारो से निम्न लिखित कार्यो हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यो के सामने दी गयी तिथि को 15.00 बजे तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (Rs.) | अग्रिम राशि (Rs.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ADEN/Track/UMB के अंतर्गत अंबाला डिवीजन में ट्रांसलामेटिक रोबोटिक वेल्डर की तकनीक का उपयोग करके सीएमएस क्रॉसिंग का इन–सीटू पुनर्निर्माण। | 2,18,52,594 | 2,59,300 | 18 महीने | 09.03.2026 |
| 2 | एडीईएन/एसआईआर के अंतर्गत एसआईआर–एनएलडीएम खंड पर केएम 101/8.9 पर स्थानांतरित स्थान पर रेलवे ट्रैक/भूमि के नीचे 250 मिमी व्यास की डीआई के 9 जल आपूर्ति पाइपलाइन को पहले 800 मिमी आंतरिक व्यास वाले एमएस आवरण पाइप और दूसरे 1000 मिमी आंतरिक व्यास वाले एमएस आवरण पाइप से होकर गुजारना। | 28,50,359 | 57,000 | 04 महीने | 09.03.2026 |
| 3 | SIR-NLDM सेक्शन के अंतर्गत कीरतपुर साहिब स्टेशन पर लाइन संख्या 1 को नंगल डैम छोर की ओर बढ़ाकर पूर्ण लंबाई के शेंटिंग नेक का प्रावधान। | 1,97,73,397 | 2,48,900 | 08 महीने | 09.03.2026 |
| 4 | Sr. DEN-II/UMB के अधिकार क्षेत्र में ADEN/BTI एवं ADEN/PTA सेक्शन में 25.396 TKM के TRR(S) तथा 24.585 TKM के CTR(S) कार्य के संबंध में साइट पर मोबाइल फलैश बट वेल्डिंग प्लांट (MFBWP) द्वारा रेलों की वेल्डिंग का निष्पादन एवं Sr.DEN-II तथा Sr.DEN-III सेक्शन में लूप लाइनों को SWR से LWR में MFBWP के माध्यम से रूपांतरण का कार्य, साथ ही SIR-NLDM सेक्शन के अंतर्गत किरतपुर साहिब स्टेशन पर लाइन संख्या–1 को नंगल डैम छोर की दिशा में विस्तारित कर पूर्ण लंबाई का शंटिंग नेक प्रदान करने का कार्य। | 4,81,87,998 | 3,90,900 | 18 महीने | 09.03.2026 |
| 5 | सीनियर डीईएन–III/यूएमबी के अंतर्गत एडीईएन/एसआरई सेक्शन में मोबाइल फलैश बट वेल्डिंग प्लांट का उपयोग करके साइट पर रेल की वेल्डिंग | 1,03,21,383 | 2,01,600 | 12 महीने | 09.03.2026 |
| 6 | Sr.DEN-I/UMB के अधीन ADEN/UMB एवं ADEN/CDG सेक्शन में CTR15.116 टी.के.एम. तथा TRR(P)9.5 टी.के.एम. के संबंध में साइट पर मोबाइल फलैश बट वेल्डिंग प्लांट द्वारा रेल की वेल्डिंग का कार्य। | 1,58,07,909 | 2,29,000 | 12 महीने | 09.03.2026 |
| 7 | ADEN/RP) के अधीन UBC,KNN एवं RPJ स्टेशनों पर सर्विस बिल्डिंग के कंपाउंड वॉल तथा एप्रोच रोड की मरम्मत, दिव्यांगजनों हेतु शॉट लीड सुविधाओं का प्रावधान TSS, SSP एवं रिले हट्स की विविध मरम्मत तथा UBC के सर्कुलेटिंग एरिया में पार्क का सुधार/उन्नयन कार्य। | 2,24,26,423 | 2,62,100 | 08 महीने | 09.03.2026 |
| 8 | (i) ADEN/PTA के अधीन SSE/W/DUI के सेक्शन में GILL, QRP, AHH, KUP, MET, HMI एवं DUI स्थित स्टाफ क्वार्टरों में फर्श, छत, दरवाजे व खिड़कियों, सेनेटरी फिटिंगस तथा ड्रेनेज एवं सीवरेज सिस्टम की मरम्मत का कार्य तथा DUI स्थित गार्ड कॉलोनी में शौचालय एवं बाथरूम की छत का प्रतिस्थाप। इसके अतिरिक्त HMI कॉलोनी एवं DUI स्थित PWI कॉलोनी, IOW कॉलोनी तथा रेलवे कॉलोनी में बाउंड्री वाल की मरम्मत का कार्य। (ii) ADEN/PTA के अधीन SSE/W/L/PTA एवं SSE/W/DUI सेक्शन में जलापूर्ति व्यवस्था से संबंधित विभिन्न कार्य, जिनमें NBA स्थित नए गुडस कार्यालय एवं ट्रैक मशीन रेस्ट हाउस में स्टेजिंग व ग्रिल सहित जलापूर्ति प्रणाली की मरम्मत, PWI कॉलोनी में जलापूर्ति पाइपलाइन की मरम्मत तथा रेलवे कॉलोनी में नए पंप हाउस एवं नए आरसीसी ओवरहेड टैंक को विद्यमान पंप हाउस एवं आरसीसी ओवरहेड टैंक से जोड़ने का कार्य शामिल है इसके अतिरिक्त DUI-JHL सेक्शन में CIL LHA GRN JPS UKN एवं DNX स्टेशनों पर जंगग्रस्त एवं क्षतिग्रस्त पुरानी पाइपलाइनों तथा टूटे हुए पीवीसी टैंकों का प्रतिस्थापन/मरम्मत, UKN डिग्गी पर ओपन वेल पंप के स्थान पर सबमर्सिबल पंप की स्थापना तथा JHL-HSR सेक्शन में GRN, DNX, RPHR स्थित आरओ प्लांट एवं UKN स्थित प्रेशर फिल्टर प्लांट का वार्षिक अनुरक्षण (AMC) कार्य (iii) ADEN/PTA के अधीन SSE/W/SAG सेक्शन में धांसू रेलवे स्टेशन स्थित बैलेस्ट डिपो के एप्रोच पथ के आधार (बेस) की मरम्मत का कार्य। (Iv) Sr.DEN/II/UMB के अधीन ADEN/PTA सेक्शन में RPJ-DUI खंड पर पुल संख्या 43 की डी–सिल्टिंग (गाद निकासी), पैरापेट को ऊँचा उठाने तथा ब्रिज टैवलट्स की मरम्मत का कार्य। | 1,23,08,859 | 2,11,600 | 10 महीने | 09.03.2026 |
| 9 | ADEN/SIR के अंतर्गत RPAR और UHL स्टेशन/परिसंचरण क्षेत्र में सीवरेज/जल निकासी व्यवस्था की प्रमुख मरम्मत। | 1,23,77,461 | 2,11,900 | 06 महीने | 09.03.2026 |

नोट:–
1. ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी संबंधित डॉक्यूमेंन्टों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट IREPS पर अपलोड करनी जरूरी है।
2. अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैंकिंग/गेटवे पेमेन्ट के द्वारा ही स्वीकार्य होगें।
3. निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लोग ऑन करें।
4. ठेकेदार को ई–निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास–III) डिजिटल सिगनेचर सार्टिफिकेट द्वारा लोग ऑन करना होगा।
5. जी.एस.टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी।

**खुली निविदा संख्या 54–अम्बाला/2025–26 दिनांक : 13.02.2026** 497/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## महिला एवं बाल विकास विभाग

**जिला बाल संरक्षण इकाई, झज्जर**

**बाल भवन, गुरुग्राम रोड, लघु सचिवालय, झज्जर, फोन : 01251-299475**

### विज्ञापन

पोक्सो अधिनियम की धारा 39 के अंतर्गत समर्थित व्यक्तियों के संबंध में आदर्श दिशा-निदेशों के कार्यान्वयन के लिए माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) द्वारा जारी निदेशों के अनुसार समर्थित व्यक्ति के पदों को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

| क्रमांक | जिला | पद का नाम | पदों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | झज्जर | पोक्सो मामलों के लिए समर्थित व्यक्ति | 04 (03 महिलाओं के लिए आरक्षित और 01 पुरुषों के लिए आरक्षित) |

योग्यताएं– सामाजिक कार्य या समाजशास्त्र या मनोविज्ञान या बाल विकास में स्नातकोत्तर उपाधि या बाल शिक्षा एवं विकास या संरक्षण मुद्दों में न्यूनतम तीन वर्ष का अनुभव रखने वाला स्नातक। पॉक्सो नियम 2020 के नियम 5(6) के अनुसार इसमें बाल अधिकार या बाल संरक्षण के क्षेत्र में सक्रिय रूप से लगे संगठन भी शामिल हो सकते हैं। एनजीओज से आवेदन आमंत्रित करने के लिए अलग से विज्ञापन प्रकाशित किया जाएगा। बाल गृह और आश्रय गृह से जुड़ा कोई अधिकारी जो बच्चे की कस्टडी के लिए जिम्मेदार हो। अगर वह अपने कर्तव्यों के अलावा काम करेगा/करेगी तो उसे समान वेतन दिया जाएगा।

आयु– 25 से 42 वर्ष

न्यूनतम वेतन– न्यूनतम वेतन अधिनियम 1948 के तहत उच्च कुशल कामगार के लिए निर्धारित राशि के अनुसार 600 रुपए प्रतिदिन।

यात्रा भत्ता:– उसे वास्तविक सामान्य बस/ट्रेन किराया या रुपए के अनुसार प्रतिपूर्ति प्रदान की जाएगी या स्वयं के वाहन/निजी टैक्सी/वाहन द्वारा यात्रा के लिए रु. 9/– प्रति किलोमीटर लेकिन सीडब्ल्यूसी द्वारा विधिवत सत्यापित बिल प्रस्तुत करने पर एक दिन में अधिकतम 25 किमी.

प्रति माह यात्राओं की संख्या :– वह प्रतिदिन कई यात्राएं कर सकता है लेकिन प्रतिदिन की दर से वेतन मिलेगा और अधिकतम 20 दिनों के लिए वेतन दिया जा सकता है।

नियम और शर्तें– समर्थित व्यक्तियों को शुरू में तीन साल की अवधि के लिए नियुक्त किया जाएगा जिसकी समीक्षा डीसीपीओ द्वारा की जाएगी और चयन समिति की अनुशंसा के आधार पर वार्षिक आधार पर तीन वर्ष के बाद आगे बढ़ाया जाएगा। यदि समर्थित व्यक्ति समय पर रिपोर्ट नहीं करता है या गलत रिपोर्टिंग करता है तो उसे कार्यकाल के दौरान बिना किसी नोटिस के किसी भी समय हटाया जा सकता है।

महत्वपूर्ण टिप्पणी :
1. प्रत्येक उम्मीदवार को निम्नलिखित बिंदुओं के साथ शपथ–पत्र प्रस्तुत करना होगा :
   - उसका कोई पिछला दोषसिद्ध रिकॉर्ड नहीं है।
   - वह किसी भी अनैतिक कार्य या बाल शोषण या बाल श्रम के रोजगार में शामिल नहीं रहा है।
   - किसी भी एजेंसी/न्यायालय में उसके खिलाफ कोई इंक्वायरी लंबित नहीं है
   - आवेदक बाल अधिकारों या मानवाधिकारों के उल्लंघन का कोई पिछला रिकॉर्ड नहीं दिखाता है।
   - उसके पास हरियाणा का डोमिसाइल अवश्य होना चाहिए।
   - वह जिला झज्जर का निवासी अवश्य होना चाहिए।
2. आवेदक अपने आवेदन पंजीकृत डाक के माध्यम से या दस्ती रूप से निर्धारित प्रारूप पर जिला बाल संरक्षण इकाई के कार्यालय अर्थात बाल भवन, गुरुग्राम रोड, लघु सचिवालय, झज्जर-124103 में 09.03.2026 को अप. 5.00 बजे तक या उससे पहले सहायक दस्तावेजों अर्थात शैक्षणिक योग्यता और अनुभव प्रमाण पत्र आदि के साथ जमा कर सकते हैं।
3. विभाग उम्मीदवार को बिना किसी पूर्व सूचना के अधूरे आवेदन पत्र को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
4. किसी भी तरह से अपूर्ण आवेदन अस्वीकार कर दिए जाएंगे

.................................... **के पद हेतु आवेदन प्रपत्र**

1. पद का नाम :–
2. उम्मीदवार का नाम :
3. पिता / पति का नाम :
4. स्थायी पता :
5. पत्राचार का पता :
6. मोबाइल नम्बर :
7. ई–मेल आईडी :
8. जन्म तिथि (हाई स्कूल के प्रमाण–पत्र के अनुसार) :
9. वर्तमान आयु (DD-MM-YYYY) :
10. शैक्षणिक योग्यताएं :

पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ

| क्र. सं. | विषय सहित शिक्षा (मैट्रिकुलेशन से आगे) | स्कूल / विश्वविद्यालय का नाम | प्राप्तांक / कुल अंक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

11. अनुभव

| क्र. सं. | संस्थान का नाम | पद का नाम | अवधि (से–तक) | कुल अवधि | जॉब का उत्तरदायित्व | लिया गया अन्तिम वेतन | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |

घोषणा :– ''मै एतद द्वारा घोषणा करता/करती हूं कि मेरे दिये गये उपरोक्त सभी बयान मेरे अधिकतम ज्ञान और विश्वास के अनुसार सही व पूर्ण है और यदि किसी भी स्तर पर गलत पाये जाते हैं, तो उसका मैं उत्तरदायी रहूंगा/रहूंगी और नियुक्ति अधिकारी को यह अधिकार होगा कि वह मेरी सेवाओं को बर्खास्त और कोई अन्य उचित कार्यवाही कर सकता है।''

स्थान :

दिनांक : आवेदक के हस्ताक्षर

पीआरडीएच–1225/11/133/2026/43019/88/6 दि. 13.02.26




## सीडीएस चौहान ने समझाया

# नेहरू ने पूर्वोत्तर में स्थिरता के चलते किया था पंचशील समझौता

## चीन से सकारात्मक संबंध पंचशील नीति का हिस्सा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने भारत और चीन के बीच पंचशील समझौते की पृष्ठभूमि स्पष्ट करते हुए कहा कि आजादी के बाद ब्रिटिश शासन समाप्त होने पर भारत को अपनी सीमाओं की परिभाषा स्वयं तय करनी थी। उस समय देश के पहले पीएम जवाहरलाल नेहरू को पूर्व में मैकमोहन रेखा और लद्दाख क्षेत्र में भारत के दावों का आभास था, लेकिन कई हिस्सों में स्थिति स्पष्ट नहीं थी। उन्होंने कहा कि नेहरू सीमावर्ती क्षेत्रों में स्थिरता चाहते थे। चीन भी तिब्बत में अपनी स्थिति मजबूत करने के बाद इलाके में संतुलन चाहता था और उसकी मौजूदगी ल्हासा तक फैल चुकी थी। ऐसे में दोनों देशों ने संबंधों को स्थिर बनाने की दिशा में पंचशील समझौते पर हस्ताक्षर किए। यह बातें बतौर विशिष्ट अतिथि चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने 'फ्रंटियर्स, बॉर्डर्स एंड एलएसीः द मिडिल सेक्टर' विषय पर दिए व्याख्यान में कहीं।



*अंग्रेजों के जाने के बाद भारत को ही तय करनी थी सीमा*

*भारत ने 1954 में तिब्बत को चीन का हिस्सा माना*



'भारत हिमालयन इंटरनेशनल स्ट्रैटेजिक मंच' का शुभारंभ करते राज्यपाल गुरमीत और सीडीएस अनिल चौहान

*सीडीएस चौहान ने कहा कि वर्ष 1954 में भारत द्वारा तिब्बत को चीन का हिस्सा मानने के बाद भारत को लगा था कि उत्तरी सीमा का मुद्दा काफी हद तक सुलझ गया है, जबकि चीन ने इसे केवल व्यापार से जुड़ा समझौता माना। उन्होंने विशेष रूप से मध्य सेक्टर में हिमालयी सीमाओं के बढ़ते महत्व तथा सरकार द्वारा अवसंरचना विकास पर दिए जा रहे विशेष बल पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र भारत पड़ोसी देश चीन के साथ सकारात्मक संबंध विकसित करना चाहता था और पंचशील उसी नीति का हिस्सा था।*

**राज्यपाल ने भीष्म थिंक टैंक का शुभारंभ किया**

शुक्रवार को उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने लोक भवन में 'भारत हिमालयन इंटरनेशनल स्ट्रैटेजिक मंच (भीष्म)' का शुभारंभ किया। इस दौरान राज्यपाल ने भीष्म का लोगो और वेबसाइट का भी अनावरण किया। भीष्म एक रणनीतिक थिंक टैंक है, जो देहरादून में स्थित बौद्धिक संसाधनों को एकत्रित कर उत्तराखंड राज्य को देश में रणनीतिक चिंतन के अग्रणी केंद्र के रूप में स्थापित करेगा। थिंक टैंक के शुभारंभ के अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि देहरादून में 'भीष्म' थिंक टैंक की शुरुआत उत्तराखण्ड तथा पूरे राष्ट्र के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि यह मंच राष्ट्रीय सुरक्षा और रणनीतिक चिंतन के क्षेत्र में एक प्रभावशाली थिंक टैंक के रूप में स्थापित होगा।

### पंचशील समझौता

पंचशील समझौता 29 अप्रैल 1954 को भारत और चीन के बीच हस्ताक्षरित शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के पांच सिद्धांतों का एक समूह है। तत्कालीन पीएम जवाहरलाल नेहरू और चीनी पीएम चाऊ एन-लाई द्वारा हस्ताक्षरित इस समझौते का उद्देश्य आपसी विश्वास, क्षेत्रीय अखंडता, गैर-आक्रमण, आंतरिक हस्तक्षेप न करने और समानता के आधार पर संबंधों को बढ़ावा देना था।

### मैकमोहन रेखा

मैकमोहन रेखा भारत और चीन के बीच पूर्वोत्तर क्षेत्र (विशेषकर अरुणाचल प्रदेश) में स्थित एक 890 किलोमीटर लंबी सीमा रेखा है, जिसे 1914 में शिमला समझौते के तहत निर्धारित किया गया था। यह रेखा भारत और तिब्बत के बीच की सीमा थी, जिसका नाम तत्कालीन ब्रिटिश विदेश सचिव सर हेनरी मैकमोहन के नाम पर रखा गया। 1914 में ब्रिटिश भारत सरकार और तिब्बत के प्रतिनिधियों के बीच शिमला संधि के तहत यह रेखा खींची गई थी। चीन इस रेखा को कभी नहीं मानता और इसे अवैध मानता है, क्योंकि वे तिब्बत को एक स्वतंत्र देश नहीं मानते थे, न ही उन्हें सीमा रेखा निर्धारित करने का अधिकार था।

## तारिक की बचपन से ही थी राजनीति में रुचि, 17 साल का निर्वासन झेला

# बांग्लादेशियों ने जमात और जेन-जी को नकारा बीएनपी आने से भारतीय संबंधों को मिला सहारा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बांग्लादेश में गुरुवार को हुए आम चुनाव में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने बड़ी जीत दर्ज की है। बीएनपी और उसके गठबंधन ने 299 सीटों में से 212 सीटें हासिल कर बहुमत के लिए जरूरी 150 के आंकड़े को पार कर लिया। अब तक 297 सीटों के नतीजे घोषित हो चुके हैं। जमात-ए-इस्लामी के नेतृत्व वाले 11 दलों के गठबंधन को अब तक 77 सीटें मिली हैं। इस जीत के साथ बीएनपी अध्यक्ष तारिक रहमान का पीएम बनना तय माना जा रहा है। तारिक ने दो सीटों से चुनाव लड़ा था और दोनों पर जीत हासिल की है।

बांग्लादेश चुनाव में कट्टरपंथी पार्टी जमात-ए-इस्लामी बुरी तरह हारी है। उसके गठबंधन को सिर्फ 70 सीटें मिलीं हैं। शेख हसीना की सरकार गिराने वाले स्टूडेंट्स की पार्टी नेशनल सिटीजन पार्टी यानी एनसीपी को भी बांग्लादेशियों ने नकार दिया। बांग्लादेश में 35 साल बाद कोई पुरुष पीएम बनेगा। 1988 में काजी जफर अहमद पीएम बने थे। इसके बाद 1991 से 2024 तक देश की राजनीति में पूर्व पीएम शेख हसीना और खालिदा जिया का दबदबा रहा। ये दोनों ही पीएम बनती रहीं।

तारिक ने दो सीटों से चुनाव लड़ा और दोनों पर जीत हासिल की है।

जमात और छात्रों की पार्टी को बांग्लादेशियों ने नकारा

### 4 साल की उम्र में गए थे जेल



तारिक रहमान



बांग्लादेश की संसद

*तारिक रहमान बांग्लादेश की पूर्व पीएम खालिदा जिया और पूर्व राष्ट्रपति जिया-उर-रहमान के बेटे हैं। तारिक रहमान का जन्म 20 नवंबर 1965 को ढाका में हुआ।1971 में बांग्लादेश की आजादी की जंग के दौरान तारिक महज चार साल के थे और उन्हें कुछ समय के लिए हिरासत में भी रखा गया था। यही वजह है कि उनकी पार्टी बीएनपी उन्हें 'युद्ध के सबसे कम उम्र के बंदियों में शामिल' बताकर सम्मानित करती है। पिता जिया-उर-रहमान बीएनपी के संस्थापक और पूर्व राष्ट्रपति थे। जबकि उनकी मां खालिदा जिया 3 बार देश की पीएम रहीं। तारिक को बचपन से ही राजनीति में रुचि थी। 1991 में तारिक ने अपनी मां खालिदा जिया को पीएम बनाने में अहम भूमिका निभाई। तारिक रहमान जेल, यातनाएं और राजनीतिक साजिशों के शिकार भी हुए हैं और 17 साल का निर्वासन भी झेला है। तारिक 17 सालों तक लंदन में रहे, तारिक रहमान देश से भले दूर थे, लेकिन राजनीति से जुड़े रहे। वह वीडियो कॉल, सोशल मीडिया और डिजिटल सभाओं के जरिए अपने पार्टी का नेतृत्व करते रहे।*

### शेख हसीना को वापस लाने और मुकदमा चलाने की मांग

चुनाव में जीत के बाद बीएनपी ने शेख हसीना को भारत से वापस बांग्लादेश लाकर मुकदमा चलाने की मांग पर फिर से जोर दिया है। बीएनपी के सीनियर नेता सलाहुद्दीन अहमद ने शुक्रवार को कहा, 'हम हमेशा कानून के अनुसार उनकी वापसी की मांग करते रहे हैं। यह दोनों देशों के विदेश मंत्रालयों के बीच का मामला है। हमने भारत सरकार से भी अनुरोध किया है कि उन्हें वापस भेजें ताकि बांग्लादेश में मुकदमा चल सके।'

### चीन ने चुनाव की तारीफ की

चीन ने बांग्लादेश में हुए सफल और शांतिपूर्ण आम चुनाव की तारीफ की है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने शुक्रवार को कहा कि चुनाव ठीक तरह से हुए और बीएनपी को बहुमत मिला है। उन्होंने कहा कि चीन, बांग्लादेश के घरेलू राजनीतिक फैसलों का समर्थन करता है और ढाका के साथ मिलकर चीन-बांग्लादेश रणनीतिक सहयोग साझेदारी को और मजबूत करने के लिए तैयार है। इससे पहले मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने चीन के साथ रिश्ते मजबूत करने और ज्यादा निवेश लाने की कोशिश की थी।

**नया नेतृत्व, नए अवसर**

### भारत के लिए तारिक की जीत के मायने

- बांग्लादेश में बीएनपी की जीत से नए नेतृत्व के साथ भारत के द्विपक्षीय रिश्तों को फिर से तय करने का मौका मिलेगा। इस जीत ने दिखाया कि बांग्लादेश के लोग अपने लोकप्रिय नेताओं में विश्वास रखते हैं और भारत लोकतंत्र, विकास और सहयोग को सम्मान देता रहेगा।
- **स्थिर राजनीतिक माहौल:** स्थिर सरकार बनने से भारतबांग्लादेश संबंधों में भरोसे का माहौल बनेगा।
- **सीमापार सहयोग को बढ़ावा:** बिजली, सड़क, रेलवे, व्यापार जैसे मुद्दों पर सहयोग आगे बढ़ सकता है।
- **भारतपड़ोसी नीति:** भारत अपनी 'पड़ोस पहले' नीति के तहत बांग्लादेश को समर्थन देगा।
- **सुरक्षा सहयोग बेहतर होगा:** सीमा सुरक्षा, आतंकवाद विरोधी साझेदारी क्षेत्र में नया भरोसा बन सकता है।
- **आर्थिक साझेदारी को बल:** ऊर्जा, निवेश और इंफ्रा प्रोजेक्ट में बढ़ोतरी हो सकती है।
- **क्षेत्रीय स्थिरता में योगदान:** दक्षिण एशिया में राजनीतिक संतुलन और समर्थन से क्षेत्रीय स्थिरता मजबूत होगी।
- **शिक्षा और सांस्कृतिक आदानप्रदान:** छात्रों, कलाकारों और नौजवानों के लिए द्विपक्षीय आदानप्रदान के अवसर बढ़ सकते हैं।

## इजराइली राजदूत अजार ने की पीएम मोदी की प्रशंसा

# कहा- उनकी नीतियां भारतीयों के लिए लाभकारी, यह देश तेजी से आगे बढ़ रहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में इजराइल के राजदूत रूवेन अजार ने एक बातचीत में पीएम नरेंद्र मोदी की जमकर प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी भारत में जिन नीतियों को प्रोत्साहित कर रहे हैं, वे भारतीय लोगों के लिए बहुत फायदेमंद रही हैं। यह देश बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है। भारत के पास टिकाऊ वृद्धि है जो नए उद्योग बना रही है, नवाचार कर रही है, अकादमिक अनुसंधान कर रही है। यह हमारे लिए बहुत जरूरी है, क्योंकि हम लोकतंत्र, मुक्त व्यापार, बोलने की आजादी के मूल्यों को साझा करते हैं और जितना भारत मजबूत होगा, इजराइल भी उतना ही मजबूत होगा।

### हमास को कूटनीतिक मौका देना चाहते



इजराइली राजदूत रूवेन अजार

अजार ने कहा कि हमने गाजा के आधे से ज्यादा इलाके पर कब्जा कर लिया है और इस 20-पॉइंट प्लान को अपनाकर, हमास डीमिलिटराइज करने के लिए तैयार है। हम हमास को कूटनीतिक मौका देना चाहते हैं। हमारा मानना है कि हमास पर हथियार छोड़ने के लिए दबाव डालना न सिर्फ सही है, बल्कि यह एक अच्छा विकल्प भी है क्योंकि अगर यह फेल हो जाता है तो हमें वापस सैन्य कार्रवाई का सहारा लेना होगा, जिससे हम बचना चाहते हैं।

### ईरान को बंद करने होंगे सभी प्रोजेक्ट्स

इजराइली राजदूत ने कहा कि ईरान ने जिन भी प्रोजेक्ट्स को पूरा करने के प्लान बनाएं हैं उन्हें खत्म करना होगा, यानी मुख्य रूप से उनका मिलिट्री न्यूक्लियर प्रोग्राम, बैलिस्टिक मिसाइल प्रोग्राम, और उनके प्रॉक्सी, आतंकवादी संगठनों को उनका समर्थन जो मिडिल ईस्ट के अलग-अलग हिस्सों से लगातार इजराइल पर हमला कर रहे हैं। इजराइल ने साफ कहा है कि हम उन सभी क्षमताओं को खत्म करने की मांग करते हैं जो ईरान ने इजराइल को खत्म करने के लिए बनाई हैं। हालांकि, उन्होंने ऐसा करने की कसम खाई है।




**खबर संक्षेप**

### भारतीय पासपोर्ट की रैंकिंग 5 पायदान सुधरी

**नई दिल्ली।** भारतीय पासपोर्ट की रैंकिंग में सुधार हुआ है। लेटेस्ट हेनले पासपोर्ट इंडेक्स (फरवरी 2026) के अनुसार, अब भारत का पासपोर्ट दुनिया के सबसे शक्तिशाली पासपोर्ट्स की सूची में 75वें स्थान पर पहुंच गया है। साल की शुरुआत में यह 80वें स्थान पर था, यानी हाल ही में इसमें 5 स्थानों का सुधार हुआ है।

### दिल्ली के सात स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के कम से कम सात विद्यालयों को शुक्रवार सुबह बम की धमकी भरे ईमेल प्राप्त हुए जिन्हें बाद में 'अफवाह' घोषित कर दिया गया। धमकी भरे ईमेल में उकसाने वाली व आपत्तिजनक बातें लिखी थीं और दावा किया गया था, दिल्ली खालिस्तान बन जाएगी और विद्यालयों में दोपहर एक बजकर 11 मिनट पर बम विस्फोट होंगे। वहीं यूपी में लखनऊ, अयोध्या और वाराणसी समेत 19 जिलों की कचहरी में बम विस्फोट करने की धमकी भरे मेल से हड़कंप मच गया।

### भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता ने पन्नू की हत्या की साजिश रचने की बात कबूली

**वाशिंगटन।** न्यूयॉर्क की एक फेडरल अदालत में भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता (54 वर्ष) ने शुक्रवार को तीन गंभीर आपराधिक आरोपों में दोषी होने की बात कबूल कर ली है। वह खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश रचने के आरोपी थे। गुप्ता को हत्या के लिए किराए पर काम करना, हत्या के लिए साजिश रचने और मनी लॉन्ड्रिंग की साजिश के आरोपों में दोषी करार दिया गया है। अमेरिकी अटॉर्नी ऑफिस के प्रवक्ता के अनुसार, इन आरोपों में अधिकतम 40 साल तक की सजा हो सकती है। इन्होंने न्यूयॉर्क शहर में गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश की थी, जो असफल रही। अमेरिकी अभियोजकों का आरोप है कि निखिल गुप्ता ने एक भारतीय सरकारी अधिकारी के साथ मिलकर इस हत्या की योजना बनाई थी। गुप्ता को जून 2024 में चेक रिपब्लिक से अमेरिका प्रत्यर्पित किया गया था, जहां उन्हें 2023 में गिरफ्तार किया गया था। प्रत्यर्पण के बाद उन्होंने शुरू में आरोपों से इनकार किया था और नॉट गिल्टी प्लेड किया था, लेकिन अब उन्होंने दोष स्वीकार कर लिया है।

### पंजाब के फिरोजपुर में किसान ने पत्नी, बेटे को गोली मारी, खुद भी किया आत्महत्या का प्रयास

**फिरोजपुर (भाषा)।** पंजाब में फिरोजपुर के बाजीदपुर गांव में 37-वर्षीय एक किसान ने शुक्रवार को अपनी लाइसेंसी पिस्तौल से अपनी पत्नी और चार साल के बेटे को कथित तौर पर गोली मार दी और आत्महत्या करने का प्रयास किया। पुलिस ने बताया कि तीनों की हालत गंभीर है और उन्हें लुधियाना के डीएमसी अस्पताल भेजा गया है। पुलिस ने कहा कि इस कदम के पीछे के कारण की जांच की जा रही है। पुलिस के मुताबिक, घायलों की पहचान जगसीर सिंह उर्फ सबा (37), उनकी पत्नी नवनीत कौर और उनके बेटे वारिसदीप सिंह (चार) के रूप में हुई है। घटना के समय दंपति का बड़ा बेटा अभिजीत सिंह (11) स्कूल में था। यह घटना दोपहर करीब तीन बजे की है, जब जगसीर सिंह घर आया। यह पता नहीं चल पाया कि वह कहां से लौटा था। इसके तुरंत बाद, उसने कथित तौर पर अपनी प्वाइंट 32 बोर की पिस्तौल से अपने कमरे के अंदर गोलियां चला दीं। गोलियों की आवाज सुनकर पड़ोसी घर पहुंचे और घायलों को पास के निजी अस्पताल में पहुंचाया।

## उपलब्धि: तेजस मार्क 1ए विमान के इंजन की सप्लाई लाइन पूरी तरह स्थिर

# 'मेक इन इंडिया' के तहत हुंकार भरने को तैयार 5 नए तेजस

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय वायुसेना की ताकत को बढ़ाने वाला स्वदेशी फाइटर जेट तेजस मार्क 1ए अब अपनी पूरी गति पकड़ चुका है। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने इस महत्वाकांक्षी परियोजना को लेकर बताया कि तेजस मार्क 1ए का प्रोडक्शन अब स्थिर हो चुका है। वर्तमान में पांच विमान आसमान में उड़ान भर रहे हैं और पांच इंजन भी उपलब्ध हैं। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) और भारतीय वेंडर्स इस प्रोजेक्ट को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

तेजस विमान



*9 विमान भी बनकर तैयार सफल परीक्षण हुआ*

### पहली बार फ्रांस के बाहर होगा राफेल का उत्पादन



राजेश सिंह

सशस्त्र सेनाओं की युद्धक क्षमता को मजबूत बनाने के लिए रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) द्वारा 114 राफेल लड़ाकू विमानों की खरीद को लेकर दी गई मंजूरी (एओएन) के ठीक अगले दिन, शुक्रवार को रक्षा सचिव का महत्वपूर्ण बयान सामने आया है। राफेल विमानों की खरीद की यह प्रक्रिया बिना किसी मध्यस्थ के पूरी पारदर्शिता के साथ आगे बढ़ेगी। वर्ष 2028 तक नौसेना के लिए पहला राफेल विमान मिलने की उम्मीद है।

**उम्मीदों पर खरा उतरेगा तेजस**

*हालांकि हथियारों के ट्रायल पूरी तरह सफल रहे हैं, लेकिन रक्षा सचिव ने स्वीकार किया कि वायुसेना की कुछ ऑपरेशनल जरूरतें अभी भी पूरी होनी बाकी हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि 180 विमानों के बड़े ऑर्डर के साथ, समय के साथ इस सिस्टम को और भी ज्यादा आधुनिक और परफेक्ट बनाया जाएगा। लक्ष्य यह है कि तेजस मार्क 1A वायुसेना की हर छोटी-बड़ी जरूरत को पूरी तरह संतुष्ट करे।*

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28